प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, सीतापुर, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव,वाराणसी,मिर्जापुर, हमीरपुर जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 87 | रविवार 16 मार्च, 2025 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## महाकुंभ के बाद होली ने दिया सनातन विरोधियों को जवाब: योगी आदित्यनाथ

***योगी ने कहा कि देश ने लंबे समय तक गुलामी झेली है और आक्रांताओं ने होली, दीपावली जैसे पर्व–त्योहार और महाकुंभ जैसे आयोजनों को बाधित करने का प्रयास किया लेकिन सनातनियों की अधिक आस्था के चलते वे कभी सफल नहीं हो पाए।***



एजेंसी/उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ के बाद अब होली के त्योहार ने सनातन धर्म के विरोधियों को जवाब दे दिया है। मुख्यमंत्री ने होली के अवसर पर शुक्रवार सुबह होलिका दहन के भस्म के तिलक से शुरुआत करने और फिर घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की पारंपरिक रंगभरी शोभायात्रा में शामिल होकर होली खेली।योगी ने अपराह्न काल से शाम तक गोरखनाथ मंदिर में होली मिलन कार्यक्रम में उमड़े लोगों पर फूलों की बौछार की। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के बाद अब होली ने सनातन धर्म के विरोधियों को जवाब दे दिया है और पूरे प्रदेश में शांति तथासौहार्दपूर्ण तरीके से होली का आयोजन संपन्न हुआ है।मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में कहा, जो लोग सनातन धर्म की परंपराओं पर और सनातन ध र्म पर सवाल उठाते थे, उन लोगों को जवाब है होली। जो लोग सनातन को बदनाम करते हैं और हमेशा दुष्प्रचार करते हैं कि सनातन धर्म जाति के नाम पर, मत और संप्रदाय के नाम पर, क्षेत्र और के नाम पर, अगड़ी–पिछड़ी के नाम पर, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर बंटा है, इन दुष्प्रचारों का जवाब महाकुंभ के बाद आज होली ने भी दे दिया है।उन्होंने कहा, होली पर एक साथ हर भारतवासी, हर सनातन धर्मावलंबी गले मिल रहा था, रंग और गुलाल लगा रहा था, उत्साह–उमंग के साथ भारत की सनातन परंपरा को मजबूती प्रदान कर रहा था। यही तो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। महाकुंभ के बाद होली के पर्व ने अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति श्रद्धाव आस्था का भाव प्रदर्शित कर यही संदेश दिया है कि सनातन लोगों के बीच कोई बंटवारा नहीं है।मुख्यमंत्री ने कहा, बंटवारा तो सनातन धर्म को बदनाम करने वालों की बुद्धि में है, ऐसे लोगों की बुद्धि दूषित है। योगी ने कहा कि देश ने लंबे समय तक गुलामी झेली है और आक्रांताओं ने होली, दीपावली जैसे पर्व–त्योहार और महाकुंभ जैसे आयोजनों को बाधित करने का प्रयास किया लेकिन सनातनियों की अधिक आस्था के चलते वे कभी सफल नहीं हो पाए।उन्होंने कहा, सनातन धर्म को जीवन पद्धति कहा जाता है। इसमें अगर कभी कोई विकृति किन्हीं कारणों से आ गई हो तो उसके परिमार्जन का मार्ग हमारे पर्व–त्योहार स्वयं ही आगे बढ़ा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया देख रही थी जब 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच, 45 दिनों के प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाना दुनिया के लिए कौतुक और आश्चर्य का विषय था।

दुनिया के लिए यह चमत्कार सारिका था लेकिन सनातन धर्मावलंबियों के लिए वह सामान्य जीवन पद्धति का हिस्सा था। क्योंकि कुंभ की परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है। यह भारत की ज्ञान की परंपरा और ऋषि परंपरा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान करने आए।इसके साथ ही दुनिया में ऐसा कोई सनातन धर्मावलंबी नहीं होगा जिसके घर महाकुंभ का गंगाजल न पहुंचा हो, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरीशस की यात्रा पर गए थे और मॉरीशस के राष्ट्राध्यक्ष को उन्होंने गंगाजल भेंट किया।मुख्यमंत्री ने स्वयं द्वारा प्रदेश में होली के आयोजन की जानकारी लेने का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में लोग आनंद के साथ होली का आनंद लेते रहे। उन्होंने कहा, हजारों वर्षों की विरासत में मिली पर्व और त्योहारों की परंपरा को हमें संभाल कर रखना होगा।

## अमित शाह ने लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन, असम सीएम सरमा भी रहे मौजूद




एजेंसी/नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के गोलाघाट जिले में लछित बरफुकन के नाम पर पुनर्निर्मित पुलिस अकादमी के पहले चरण का उद्घाटन किया। जिले के डेरगांव में पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया गया। शाह ने अगले चरण की आधारशिला भी रखी। उद्घाटन के बाद शाह को डीजीपी हरमीत सिंह ने श्लछित बरफुकन पुलिस अकादमीश में सुविधाओं से अवगत कराया। इसके बाद शाह ने भवन का दौरा किया। गृह मंत्री के साथ राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे। शाह पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम और मिजोरम के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम डेरगांव पहुंचे। एक अधिकारी ने बताया कि अकादमी 340 एकड़ में फैली हुई है और इसे दो चरणों में 1,024 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पुनर्निर्मित किया जा रहा है। 167.4 करोड़ रुपये की लागत वाले पहले चरण में पांच मंजिला इमारत शामिल है जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, एक हथियार सिम्युलेटर, अनुसंधान प्रयोगशालाएं और प्रशासनिक कार्यालय, अन्य सुविधाओं के अलावा एक संग्रहालय और एक आधुनिक परेड ग्राउंड शामिल है।एक अधिकारी ने कहा कि यह आधुनिक बुनियादी ढांचा प्रशिक्षुओं को पुलिस प्रशिक्षण के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं को सहजता से देने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि हथियार प्रशिक्षण सिम्युलेटर जोखिम, खतरों और लागतों को शामिल किए बिना पूरी तरह से सुरक्षित वातावरण में वास्तविक दुनिया के युद्ध परिदृश्यों के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों को तैयार करने में मदद करेगा। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के तहत एक संग्रहालय और एक आधुनिक परेड ग्राउंड का भी निर्माण किया गया है।

## कई चुनाव हारने के बाद भी नहीं लिया सबक

### मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण का मुद्दा क्या है? बीजेपी ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**सिद्धारमैया मंत्रिमंडल ने शनिवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे 1 करोड़ रुपये तक के टेंडरों में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। भाजपा के प्रसाद ने कहा कि यह मुद्दा केवल कर्नाटक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका देशव्यापी प्रभावहै।**





एजेंसी/नई दिल्ली।कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम ठेकेदारों को निविदाओं में 4ः आरक्षण देने के फैसले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है और आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को प्रभावित किया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4ः आरक्षण राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। सिद्धारमैया मंत्रिमंडल ने शनिवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे 1 करोड़ रुपये तक के टेंडरों में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। भाजपा के प्रसाद ने कहा कि यह मुद्दा केवल कर्नाटक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका देशव्यापी प्रभावहै।प्रसाद ने कहा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अलग विश्वविद्यालय, अलग निर्वाचन क्षेत्र जैसे छोटे–छोटे मुद्दों ने अंततः स्वतंत्रता के दौरान भारत के विभाजन का कारण बना। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इसे धर्मांतरण को बढ़ावा देने वाला कदम बताते हुए कहा कि यह सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए सत्ता और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है और हमारी अर्थव्यवस्था को राजनीतिक अवसरवाद के खेल के मैदान में बदल रही है। बीजेपी ने कहा कि ने कहा कि संविधान के तहत धर्म आधारित आरक्षण अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना भले ही चले गए हों, लेकिन अपने पीछे वे लोग छोड़ गए हैं जो उनकी राजनीति करते हैं। प्रसाद ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में मुसलमान अब ऐसी राजनीति पसंद नहीं करते।" प्रसाद ने कहा कि भाजपा मौलाना अबुल कलाम आजाद और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जैसी मुस्लिम हस्तियों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंडमान और निकोबार क्षेत्र में एक द्वीप का नाम परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हामिद के नाम पर रखा है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता इन दिनों भाजपा पर निशाना साधने के लिए भीम राव आंबेडकर की तस्वीरें लेकर घूमते हैं। उन्होंने आंबेडकर द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की इस बात के लिए की गई आलोचना का हवाला दिया कि नेहरू मुसलमानों के लिए बोलते हैं लेकिन अनुसूचित जातियों के कल्याण की बात नहीं करतें।

## सरकार की तरफ से खुली छूट है, एनकाउंटर की जरूरत हो तो करो, ASI संतोष कुमार की मौत के बाद डिप्टी CM का बड़ा बयान

***बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पुलिसकर्मी की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह घटना दुखद है। मामले में सरकार कार्रवाई करेगी. अपराध को खत्म करने के लिए सरकार कार्रवाई कर रही है। सुशासन के लिए हम सत्ता में हैं और एक्शन लेंगे। प्रशासन पर कोई हमला नहीं कर सकता।***



एजेंसी/नई दिल्ली।बिहार के मुंगेर जिले के नंदलपुर गांव में एक परिवार द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) संतोष कुमार सिंह ने 14 मार्च को पटना के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसडीपीओ अभिषेक आनंद के अनुसार, एएसआई संतोष कुमार सिंह की मुंगेर में कुछ लोगों द्वारा किए गए हमले के बाद मौत हो गई। वह मुफस्सिल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत नंदलपुर गांव में रणवीर कुमार नामक एक व्यक्ति के परिवार द्वारा को सुलझाने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान एएसआई संतोष कुमार पर धारदार हथियार से किसी ने हमला कर दिया। इस हमले में वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हमले के बाद पुलिस टीम ने आरोपी गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे लेकर मुख्य आरोपी को पकड़ने जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इसमें ैभ्व् सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद गिरफ्तार गुड्डू यादव ने सिपाही का हथियार छीन लिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने अपराधी को पैर में गोली मारी, जिससे वो घायल हो गया। सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पुलिसकर्मी की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह घटना दुखद है। मामले में सरकार कार्रवाई करेगी. अपराध को खत्म करने के लिए सरकार कार्रवाई कर रही है। सुशासन के लिए हम सत्ता में हैं और एक्शन लेंगे। प्रशासन पर कोई हमला नहीं कर सकता। लोगों को चिन्हित करेंगे और प्रशासन समझाएगा। अपराधी जो भाषा में समझता है उसी भाषा में समझाएं। अगर एनकाउंटर की जरूरत हो तो करो। सरकार की तरफ से खुली छूट है जिस भाषा में अपराधी समझता है उस भाषा मेंसमझाएं। अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर नशे में धुत हमलावर फरार हो गए हैं और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। घटना का ब्यौरा साझा करते हुए एसपी मसूद ने बताया, घटना तब सामने आई जब मुंगेर पुलिस को देर शाम सूचना मिली कि नंदलपुर गांव में एक परिवार शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचने पर एएसआई सिंह पर परिवार के सदस्यों ने हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर चोट लग गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया और बाद में पटना के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।एसमी मसूद ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार परिवार फिलहाल फरार है। हमने उन्हें पकड़ने के लिए टीमें बनाई हैं और जल्द ही गिरफ्तारियां की जाएंगी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है और हमले के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की जांच कर रही है। इससे पहले 13 मार्च को इसी तरह की एक घटना में अररिया के फुलकाहा थाने में पदस्थापित एएसआई राजीव रंजन की मौत हो गई थी, लक्ष्मीपुर गांव में एक शादी समारोह में अपराधी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई थी।

## तुषार गांधी के बयान पर विजय वडेट्टीवार बोले, शसच बोलने वालों की आवाज दबाई नहीं जा सकती



एजेंसी/मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी के भाजपा और आरएसएस पर दिए बयान का समर्थन किया है। वडेट्टीवार ने शनिवार को कहा कि तुषार ने जो कहा वह सच है। यदि सच बोलना अपराध है, तो उन्हें 10 बार फांसी पर चढ़ा दो, लेकिन सच बोलने वालों की आवाज दबाई नहीं जा सकती। दरअसल, केरल के तिरुवनंतपुरम में एक कार्यक्रम में तुषार गांधी ने आरएसएस के संदर्भ में कहा था कि यह देश में कैंसर की तरह फैल रहा है। उनके इस बयान को लेकर भारी विरोध हुआ, लेकिन वो अपनी बात पर अड़े रहे और अंत में कहा कि गांधी की जय हो। विजय वडेट्टीवार ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधीजी की विचारधारा पर चलने वालों को उनकी हत्या करने वालों की सोच कभी पसंद नहीं आएगी। यह सरकार को चेतावनी है कि उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकेगी। तमिलनाडु के मंत्री दुरई मुरुगन के उत्तर भारतीयों पर दिए बयान के बारे में वडेट्टीवार ने कहा कि उन्होंने वह बयान नहीं सुना, लेकिन भाजपा और आरएसएस के नेताओं द्वारा जनसंख्या बढ़ाने या आपत्तिजनक टिप्पणी करने का समर्थन नहीं करना चाहिए। जनसंख्या का मुद्दा हर किसी को अपने तरीके से देखना चाहिए, न कि किसी मंत्री या आरएसएस के बयान से प्रभावित होना चाहिए। तमिलनाडु के मंत्री दुरई मुरुगन ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर भारतीय महिलाओं के संदर्भ में विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था, ष्हमारी संस्कृति में एक पुरुष केवल एक महिला से विवाह करता है। लेकिन, उत्तर भारत में एक महिला के कई पति हो सकते हैं। कभी–कभी पांच या दस भी। यह उनकी परंपरा है और अगर कोई छोड़ता है, तो दूसरा उसकी जगह ले लेता है। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी की भाजपा और उसकी सरकार पर मुसलमानों के खिलाफ सत्ता के दुरुपयोग की बात पर वडेट्टीवार ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि ओवैसी भाजपा की बी टीम की तरह काम करते हैं। वे भाजपा और हिंदुओं के खिलाफ बोलते रहते हैं, जिससे भाजपा को फायदा होता है। दोनों की मिलीभगत से भाजपा अपनी राजनीति चमकाती है। रत्नागिरी के राजापुर में मस्जिद पर हमले के वायरल वीडियो पर वडेट्टीवार ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भड़काऊ भाषण देने वाले मंत्रियों या नेताओं को बख्शा नहीं जाना चाहिए। चाहे हिंदू मंदिर हो, मस्जिद हो या गुरुद्वारा, किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सुरक्षा दे। अगर सरकार ही दो धर्मों के बीच आग लगाकर वोट की रोटियां सेंकना चाहती है, तो इसमें आम जनता क्या कर सकती है? उन्होंने सरकार से इस पर स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की।

## अरविंद केजरीवाल दस दिवसीय विपश्यना सत्र पूरा किए बिना ही रवाना

एजेंसी/नई दिल्ली।मुंगेर ।आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को होशियारपुर से करीब 11 किलोमीटर दूर आनंदगढ़ गांव में धम्म धजा विपश्यना केंद्र (डीडीवीसी) में 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने से पहले ही रवाना हो गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल कल रात यहां पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचीं और आज सुबह डीडीवीसी गईं। इसके बाद केजरीवाल और उनकी पत्नी सड़क मार्ग से जालंधर के लिए रवाना हो गए।उन्हें विदा करने के लिए सांसद डॉ. राज कुमार, पंजाब के कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और विधायक ब्रह्म शंकर जिम्पा और जसवीर सिंह राजा गिल डीडीवीसी में मौजूद थे।विपश्यना एक प्राचीन भारतीय ध्यान तकनीक है जो आत्म–अवलोकन के माध्यम से आत्म–परिवर्तन पर केंद्रित है।

## पंजाब के अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमला, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



एजेंसी/अमृतसर ।पंजाब के अमृतसर जिले में शनिवार देर रात एक मंदिर पर हमला किया गया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। खंडवाला इलाके में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर पर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने ग्रेनेड से हमला कर दिया। यह पूरी घटना मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, रात करीब 12रू35 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक मंदिर के बाहर पहुंचे। उनके हाथ में एक झंडा भी नजर आ रहा था। वे कुछ सेकंड मंदिर के बाहर रुके और फिर अचानक मंदिर की ओर कुछ फेंका। जैसे ही वे वहां से भागे, कुछ ही पलों में मंदिर में जोरदार धमाका हुआ।घटना के समय मंदिर में पुजारी सो रहे थे। गनीमत रही कि इस हमले में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन धमाके के कारण मंदिर को नुकसान पहुंचा है और स्थानीय लोगों में डर है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने मीडिया से बातचीत में कहा, ष्इस हमले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है। भोले–भाले नौजवानों को गुमराह कर इस तरह के हमलों के लिए उकसाया जा रहा है। हम जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेंगे और शहर का माहौल खराब नहीं होने देंगे।ष इस घटना पर अकाली दल के यूथ जिला प्रधान किरनप्रीत सिंह मोनू ने कहा कि यह शर्मनाक और निंदनीय घटना है। पहले पुलिस चौकियों पर हमले हो रहे थे और अब धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब में कानून–व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। हमले के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, कुपवाड़ा के कुछ इलाकों में स्कूल बंद

एजेंसी/श्रीनगर ।जम्मू–कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हुई, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई। कश्मीर में चार दिन पहले शुरू हुई बारिश शुक्रवार रात को तेज हो गई, जिससे क्षेत्र के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई और दक्षिण कश्मीर के कुछ इलाकों में बर्फबारी हुई। मौसम विभाग श्रीनगर ने अगले 24 घंटों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान लगया है। मौसम विभाग ने कहा कि पिछले 24 घंटों में जम्मू–कश्मीर के विभिन्न जिलों में बारिश हुई, जिसमें दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में सबसे अधिक 47.4 मिमी, इसके बाद पहलगाम में 35.4 मिमी, कोनीबल में 34 मिमी और कोकरनाग में 28.6 मिमी और श्रीनगर शहर में 18.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि पहलगाम में 14 सेमी ताजा बर्फबारी हुई, जबकि प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में 13.7 सेमी तक बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम के कारण कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों के स्कूलों को 17 मार्च तक बंद कर दिया गया है।

# सम्पादकीय

## मल्हार सर्टिफिकेशन डाट काम



नफीस जाफरी

महाराष्ट्र की महायुति सरकार के मंत्री एवं भाजपा के दिग्गज नारायण राणे के पुत्र नेता नितेश राणे को किसी परिचय की जरूरत नहीं हैं। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि मौजूदा समय के भाजपा सांसद नारायण राणे कभी बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रमुख नेता हुआ करते थे। उन्होंने बाल ठाकरे के समय ही शिवसेना से बगावत कर कांग्रेस की शरण ली थी और महाराष्ट्र की तत्कालीन कांग्रेस–एनसीपी सरकार में मंत्री भी बने थे। बाद में वे कांग्रेस से अलग हो कर भाजपा में शामिल हो गए। अब बात उनके बेटे नितेश राणे की जो आमतौर पर अपने विवादित बयानों के कारण महाराष्ट्र से लेकर सारे देश में चर्चित रहते हैं। वही नितेश राणे एक बार फिर चर्चा में हैं। और यह उनकी यह चर्चा महाराष्ट्र की राजनीति में एक नये विवाद को जन्म द, तो इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

मालूम हो कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार के मंत्री एवं भाजपा के दिग्गज नेता नितेश राणे ने बताया कि उन्होंने मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम का शुभारंभ किया है। मल्हार सर्टिफिकेट प्राप्त दुकान से मीट खरीदने में कोई मिलावट नहीं मिलेगी। भाजपा नेता नितेश राणे ने मीडिया को बताया, मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम वेबसाइट हम लोगों ने लॉन्च किया है। इसमें लोगों को हलाल का मीट नहीं मिलेगा। कोई मिलावट भी नहीं होगी। हिंदू समुदाय के लोगों को सिर्फ झटका मीट ही मिलेगा। हमारा विश्वास है कि इस पहल से हिंदू समाज को कोई भी गलत तरीके का मटन खाने को नहीं मिलेगा। उन्होंने हिंदू समुदाय के लोगों से अपील की कि मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम वेबसाइट पर जाएं, यहां पर उन दुकानों की जानकारी मिलेगी, जो हिंदू समाज के लोगों के लिए उपयोग करने के लायक होगा। सिर्फ इन्हीं दुकानों से मटन खरीदकर हिंदुओं की ताकत बढ़ानी चाहिए। नितेश राणे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा,ध्आज हमने महाराष्ट्र में हिंदू समुदाय के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मल्हार प्रमाणीकरण के माध्यम से, हमें अपनी मटन दुकान खोलने की सुविधा मिलेगी। इसे बेचने वाला हिंदू होगा. मांस (मीट) में कहीं भी कोई मिलावट नहीं होगी।

उन्होंने पोस्ट में आगे कहा, इस अवसर पर मैं आपसे अपील करता हूं कि जितना संभव हो सके मल्हार प्रमाणीकरण का उपयोग करें और वास्तव में उन जगहों से मटन न खरीदें, जहां मल्हार प्रमाणीकरण उपलब्ध नहीं है। इन प्रयासों से निश्चित रूप से हिंदू समुदाय के युवा आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। बता दें कि इससे पहले नितेश राणे ने महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ को लेकर विवाद पर प्रतिक्रिया दी थी। दरअसल, राज ठाकरे ने बीते रविवार को कहा था कि वे गंगा के पानी को न छू सकते हैं और न ही पी सकते हैं, क्योंकि इतने लोगों के स्नान करने के बाद यह पानी साफ नहीं हो सकता है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता और प्रदेश सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा था कि राज ठाकरे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे नमो गंगे सफाई अभियान की पूरी जानकारी नहीं है। राणे ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति हिंदू धर्म का अपमान करने का अधिकार नहीं रखता है।

# मारीशस प्रधानमंत्री के लिए आखि़र क्यों है अहम


गुलफिशा खान

जब सारा देश रंगों के पर्व होली की तैयारियों में मग्न था तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिन की यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे थे। वहां उनका परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। यहां यह बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 के बाद से यह दूसरी मॉरीशस यात्रा थी। बहरहाल वे 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हुए। मॉरीशस की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं जब भी मॉरीशस आता हूं तो लगता है कि अपनों के बीच ही आया हूं। यहां की मिट्टी में कितने ही हिन्दुस्तानियों का, हमारे पुरखों का खून पसीना मिला हुआ है। हम सब एक परिवार ही तो हैं। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस के लोगों ने, यहां की सरकार ने, मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला लिया है। मैं आपके निर्णय को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। ये भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक रिश्तों का सम्मान है और यह 150 करोड़ भारतियों का सम्मान है।

जहां तक मॉरीशस का सवाल है तो विदित हो कि पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय देश मॉरीशस भारत का महत्वपूर्ण पड़ोसी है। यहां की 12 लाख की आबादी में भारतीय मूल के लोगों की संख्या करीब 70 फीसदी है। यह संख्या भारत और मॉरीशस के रिश्तों को और खास बनाती है। ब्रिटेन के अधिग्रहण से पहले मॉरीशस एक फ्रांसीसी उपनिवेश था। 1700 के दशक में फ्रांसीसी शासन में सबसे पहले आज के पुडुचेरी इलाके से भारतीयों को मॉरीशस लाया गया था। उनसे राजमिस्त्री और मजदूर के रूप में काम करवाया जाता था। वहीं अंग्रेजों के शासनकाल में 1834 और 1900 के शुरुआती सालों में करीब पांच लाख भारतीय श्रमिक मॉरीशस लाए गए। इनमें से करीब दो तिहाई श्रमिक वापस भारत न जाकर मॉरीशस में ही बस गए।

मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस का भी भारत से एक अनोखा संबंध है। महात्मा गांधी 1901 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटते समय मॉरीशस में कुछ समय के लिए रुके थे। उन्होंने भारतीय श्रमिकों को तीन परिवर्तनकारी संदेश दिए थे। वे थे– शिक्षा का महत्व, राजनीतिक सशक्तिकरण और भारत से जुड़े रहना। इस प्रकार, गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में, मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को मनाया जाता है। यह महात्मा की दांडी यात्रा की भी तिथि है। मॉरीशस दुनिया के उन देशों में शामिल था, जिनके साथ स्वतंत्र भारत ने 1948 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। दोनों देशों ने 2023 में राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे कर लिए थे। अंग्रेजों से 1968 में मिली आजादी के बाद से मॉरीशस पर मुख्य रूप से दो राजनीतिक परिवारों रामगुलाम (शिवसागर रामगुलाम और उनके बेटे नवीन रामगुलाम) और जगन्नाथ (अनिरुद्ध जगन्नाथ और बेटे प्रविंद जगन्नाथ) का शासन रहा है। पिछले साल कराए गए चुनाव में नवीन रामगुलाम को जीत मिली थी। वे इससे पहले 1995 से 2000 तक और 2005 से 2014 तक मॉरीशस के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। नवीन रामगुलाम के पिता शिवसागर रामगुलान ने मॉरीशस के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था। वो आजाद मॉरीशस के पहले प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरोजिनी नायडू सहित कई भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिलकर काम किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ उनके गहरे संबंध थे। बोस की 1934 में आई किताब, द इंडियन स्ट्रगल का प्रूफ पढ़ने का काम भी उन्होंने ने ही किया था।

जैसा कि उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले मार्च 2015 में मॉरीशस की यात्रा पर गए थे। उस यात्रा पर अगालेगा द्वीप पर परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भारत और मॉरीशस ने एक समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए थे। इस समझौते में कहा गया था कि मॉरीशस के बाहरी द्वीप पर समुद्री और हवाई संपर्क को सुधारने के लिए बनाए जाने वाला बुनियादी ढांचा द्वीप के निवासियों के हालात को बेहतर बनाएगा। इसमें यह भी कहा गया था कि इससे मॉरीशस के सुरक्षा बलों को द्वीप की सुरक्षा में भी आसानी होगी। भारत ने वहां पर जेटी और हवाई पट्टी का निर्माण करवाया है। भारत अगालेगा द्वीप स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने पर भी काम कर रहा है। भारत मॉरीशस में सामुदायिक विकास की 96 परियोजनाओं पर काम कर रहा है।

भारत ने 2016 में मॉरीशस के लिए 353 मिलियन डॉलर के आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी। इसके तहत मॉरीशस में मेट्रो एक्सप्रेस, सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, आंख–कान–नाक के एक अस्पताल, आवास परियोजना और डिजिटल टैबलेट योजना जैसी परियोजनाएं



शामिल थीं। भारत ने 2017 में मॉरीशस को 500 मिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। इससे 10 परियोजनाओं का वित्त पोषण किया गया। इनमें से सात पहले ही पूरी हो चुकी हैं। इनके अलावा सिविल सर्विस कॉलेज, नेशनल आर्काइव्स, पुलिस अकादमी, किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट और स्वास्थ्य केंद्रों जैसी परियोजनाओं पर अभी काम चल रहा है। शिक्षा और सांस्:तिक के क्षेत्र में भी दोनों देशों में सहयोग है। भारत का सबसे बड़ा सांस्:तिक केंद्र इंदिरा गांधी सेंटर फॉर इंडियन कल्चर मॉरीशस में खोला गया है। इस सेंटर में ढाई हजार से अधिक छात्र–छात्राएं संगीत, नृत्य और वादन की शिक्षा लेते हैं।

करीब 70 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला अगालेगा द्वीप मॉरीशस से 11 सौ किलोमीटर उत्तर में स्थित है। यह भारतीय दक्षिणी तट के करीब है। यहां भारत–मॉरीशस ने संयुक्त रूप से हवाई पट्टी और जेटी परियोजनाओं का उद्घाटन फरवरी 2024 में किया था। उस समय कुछ लोगों ने यह चिंता जताई कि भारत इस द्वीप पर सैन्य अड्डा बनाने का इरादा रखता है। इस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने यह कहते हुए उन्हें खारिज कर दिया कि अगालेगा द्वीपों पर अपनी संप्रभुता छोड़ने का मॉरीशस का कोई एजेंडा कभी नहीं रहा है। उन्होंने कहा था कि अगालेगा को सैन्य अड्डे में बदलने का कोई एजेंडा कभी नहीं रहा है। उन्होंने मॉरीशस में भारत–विरोधी अभियान की निंदा की थी। हिंद महासागर में बढ़ती चीनी पैठ भारत की चिंता का विषय है। इसलिए वह मॉरीशस जैसे द्वीप देशों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। मॉरीशस में पिछले साल विनाशकारी चक्रवाती तूफान चिडो आया था। उसने अगालेगा में भारी तबाही मचाई थी। उस समय भारत ने नौसेना के जरिए वहां पर राहत और बचाव का काम किया था।

# यह कुछ नया नहीं, पाकिस्तान ने जो बोया वही काट रहा है


फरीद वारसी

भारत अपनी आजादी के बाद से दिन दूनी रात चौगनी तरक्की करते हुए आज कहां से कहां पहुंच गया। अपनी आजादी के बाद से भारत विभिन्न क्षेत्रों में किस हद तक सशक्त हुआ है उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवे स्थान पर है। और यह जल्द ही तीसरे स्थान पर आ जाएगी, ऐसे प्रयासों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगे हुए हैं। वहीं भारत से अलग हुए उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान की बात की जाए तो कहना गलत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान जो फिर से लहूलुहान है, तो उसके अपने कृत्यों के कारण और यही वजह है कि पाकिस्तान फिर हिंसा की मार झेल रहा है। फिर अपना बोया काट रहा है। ऐसा नहीं है कि हिंसा कभी कम हुई थी, लेकिन एक और हिंसक घटना ने पूरी दुनिया की नजर पड़ोसी देश की तरफ मोड़ दी है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के बीहड़ों में विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर लिया और बड़ी संख्या में सैनिकों सहित 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया है। पाकिस्तान किसी को दोष देने की स्थिति में नहीं है। अच्छे और बुरे आतंकी का भेद करते–करते पाकिस्तान हिंसा के उस गर्त में डूब चुका है, जिसमें से बाहर निकलने का कोई जरिया नजर नहीं आ रहा। वैसे यह यह पहली बार है जब बलूचिस्तान प्रांत में बीएलए या किसी भी उग्रवादी समूह ने यात्री ट्रेन को 'हाइजैक' करने का सहारा लिया, हालांकि पिछले वर्ष उन्होंने प्रांत के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों, प्रतिष्ठानों और विदेशियों पर हमले बढ़ा दिए थे। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने उग्रवादी शामिल थे, लेकिन उनमें से कुछ अपने आकाओं के संपर्क में रहने के लिए सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल कर रहे थे। बलूचिस्तान में पिछले एक साल में उग्रवादी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले वर्ष नवंबर में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को बम से उड़ा लिया था जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी और 62 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद रेलवे ने कई सेवाएं स्थगित कर दी थीं।

वहीं अब समाचार यह है कि बलूचिस्तान में हाईजैक हुई ट्रेन को छुड़वा लिया गया है और सभी आतंकी मारे गए हैं, पाकिस्तानी सेना ने ये जानकारी दी है। बलूचिस्तान के बोलन जिले के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बीएलए चरमपंथियों द्वारा हाईजैक कर लिया गया था। बीते मंगलवार को क्वेटा से लगभग 157 किलोमीटर दूर मश्कफ सुरंग के पास चरपमंथियों ने जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया और बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों सहित 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली थी। जैसा कि उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान आर्मी की ओर से जानकारी मिल रही है कि उन्होंने ट्रेन को मुक्त करा लिया है।

बीएलए बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह कई जातीय विद्रोही समूहों में से सबसे बड़ा है, जिसने दशकों से पाकिस्तान सरकार से लड़ाई लड़ी है। इस संगठन का कहना है कि सरकार बलूचिस्तान के समृद्ध गैस और खनिज संसाधनों का अनुचित तरीके से दोहन कर रही। बीएलए को पाकिस्तान, ईरान, चीन, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ ने आतंकी संगठन घोषित किया है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है। इसे भू–आर्थिक और भू–रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जाता है फिर भी यह अशांत रहता है। बलूचिस्तान को प्रा.तिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है। इसके बावजूद विकास की दौड़ में सबसे पीछे रह गया है। बलूच विद्रोही पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सक्रिय सशस्त्र समूह हैं, जो बलूच लोगों की स्वायत्तता या पूर्ण आजादी की मांग करते हैं। इनका सबसे प्रमुख संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) है। ये संगठन 2000 के दशक से सरकार और सेना के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहा है। बलूचिस्तान प्रा.तिक संसाधनों जैसे गैस, तांबा और सोने से समृद्ध है, लेकिन बलूच लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार इनका शोषण करती है और उन्हें विकास से वंचित रखती है। बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 में पाकिस्तान के गठन से शुरू हुई थी। जब बलूच नेताओं ने विलय का विरोध किया था। 1948 में इस हिस्से में व्यापक स्तर पर विद्रोह हुई थी। बलूचिस्तान, जो पाकिस्तान का सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है, प्रा.तिक संसाधनों से समृद्ध है, मगर यहां की जनता गरीबी और उपेक्षा की शिकायत करती रही है।

बलूचिस्तान मे 1970 के दशक में बड़े पैमाने पर विद्रोह हुआ, जिसे पाकिस्तानी सेना ने कुचल दिया था। 2000 के दशक में प्रा.तिक गैस और खनिजों की खोज के बाद विद्रोह फिर से भड़क उठा। बलूच विद्रोहियों की तरफ से चाइना–पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) का भी जमकर विरोध होता रहा है। बलूचिस्तान आंदोलनकारियों की मांगें समय के साथ बदलती रही हैं। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग बलूचिस्तान के लिए अधिक स्वायत्तता या पूर्ण स्वतंत्रता है। बलूच आंदोलनकारी चाहते हैं कि इन संसाधनों से होने वाले लाभ का अधिकांश हिस्सा बलूच लोगों तक पहुंचे और उनके विकास में लगाया जाए। जबकि पाकिस्तान की राजनीति पर नियंत्रण रखने वाले राज्य के नेता इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक तौर पर मानते हैं लेकिन इसे जमीन पर उतरने नहीं देते हैं। बलूचिस्तान में खनिज संपदा और प्रा.तिक गैस जैसे समृद्ध संसाधन हैं। पाकिस्तान इन संसाधनों का दोहन करके अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहता है। पाकिस्तान बलूचिस्तान को पाकिस्तान का एक अभिन्न अंग मानता रहा है। वो किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को इस क्षेत्र में रोकना चाहता है।

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण



ललित गर्ग ।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए?खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार–बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार–बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए। अमेरिका के अलग–अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया।विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह–तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं।भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, ध्राशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी।

लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। आतंक किसी एक देश नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिये गंभीर खतरा है। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर में बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। प्रतिबंधित आतंवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस कनाडा सहित कई देशों में लगातार भारत विरोधी अभियान चला रहा है। 17 नवंबर 2024 को न्यूजीलैंड में भी ऐसा ही अभियान चलाने की कोशिश की गई और भारत विरोधी नारे लगाते हुए खालिस्तान का झंडा लहराया गया। लेकिन न्यूजीलैंड के नागरिकों ने इसका विरोध किया और खालिस्तान समर्थकों के मनसूबों को सफल नहीं होने दिया।भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ–व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये आतंकी संगठन और दुश्मन देश आतंक का सहारा ले रहे हैं। सरकार की नीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था, सरकार की सतर्कता के चलते ही आतंकवादी संगठन एवं आतंकवादी अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। अधिक सावधान एवं सख्त होने की अपेक्षा है, अन्यथा भारत की सारी प्रगति को आतंकवाद खा जायेगा। क्योंकि लगातार असफलता से खीझे एवं बौखलाये हुए आतंकी कोई–न–कोई नई और अधिक खौफनाक आतंकी घटना को अंजाम देने में जुटे रहते हैं, हमारी सुरक्षा एजेंसियों को अधिक सतर्कता बरतने की अपेक्षा है। दुनिया के शक्तिसंपन्न राष्ट्र भी मंथन करें आतंक रूपी विष और विषमता को समाप्त करने का, शांतिपूर्ण दुनिया निर्मित करने का।

# मुख्यमंत्री स्टालिन का हिन्दी विरोध और भ्रष्टाचार पर चुप्पी

योगेंद्र योगी ।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिन्दी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया। इसके बावजूद की पूरे अमरीका में ज्यादातर अंग्रेजी बोली जाती है। ट्रंप के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय एकता, साझा संस्कृति, और सरकारी कार्यों में समरसता लाने में मदद करेगा। अमरीका जैसे सुपर पावर की एक आधिकारिक भाषा हो सकती है पर भारत में ऐसा करना आसान नहीं है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार सिर्फ क्षुद्र स्वार्थों और वोट बैंक की खातिर हिन्दी का विरोध कर रही हैं। जबकि देश के ज्यादातर राज्यों में हिन्दी न सिर्फ आधिकारिक भाषा है बल्कि सर्वाधिक बोली जाने वाली भी है।मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिन्दी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं उससे लगता है कि तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं होकर कोई अलग देश है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य में लागू नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार इसके बदले 10,000 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता ही क्यों न दे। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले 2,000 करोड़ रुपये की राशि रोकने की धमकी दी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत भी की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार राजनीतिक लाभ के लिए हिंदी थोपने का फर्जी नैरेटिव बना रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जितना विरोध तमिलनाडु की स्टालिन सरकार कर रही है, उतना देश के किसी अन्य राज्य ने नहीं किया। यहां तक की बात–बात पर केंद्र की भाजपा सरकार से टकराने को तैयार रहने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस मुद्दे पर मुखर नहीं दिखी। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने 1948–49 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले आयोग ने हिंदी को केंद्र सरकार के कामकाज की भाषा बनाने की सिफारिश की थी। आयोग की सिफारिश थी कि सरकार के प्रशासनिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कामकाज अंग्रेजी में किए जाएं। इस आयोग ने कहा था कि प्रदेशों का सरकारी कामकाज क्षेत्रीय भाषाओं में हो। राधाकृष्णन आयोग की यह सिफारिश ही आगे चलकर स्कूली शिक्षा के लिए त्रिभाषा फार्मूला के नाम से मशहूर हुआ। इस सिफारिश को राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) ने 1964–66 में स्वीकार किया। इंदिरा गांधी की सरकार की ओर से पारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में इसे शामिल किया गया। सरकार ने प्रस्तावित किया कि माध्यमिक स्तर तक हिंदी भाषी राज्यों में छात्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दक्षिणी भाषाओं में से एक और गैर–हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के साथ हिंदी सीखें। राजीव गांधी सरकार में 1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और नरेंद्र मोदी सरकार में 2020 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसी फार्मूले को रखा गया। लेकिन इसके क्रियान्वयन में लचीलापन लाया गया। पिछली राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत 2020 में बनी नीति में हिंदी का कोई उल्लेख नहीं है। इसमें कहा गया है कि बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाएं राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से स्वयं छात्रों की पसंद होंगी, बशर्ते कि तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं हों।

# कस्बे में जुमे की नमाज के साथ-साथ जमकर उड़ा गुलाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। कस्बे में हिन्दू, मुस्लिम, सिख समाज ने मिलजुल कर होली का पर्व एक साथ मनाया। प्रदेश में सम्भल के सीओ द्वारा होली व जुमे की नमाज को लेकर जिस तरीके से माहौल बनाया गया था उसको लेकर राजनितिक गलियारों में खूब चर्चा रही। सीओ के बयान को भी मीडिया ने खूब दिखाया। यह सब देख कर ऐसा लग रहा था कि इस बार होली के रंगों में नफरत के रंग का असर दिखेगा। मगर अमन पसंद लोगों ने मोहब्बत का पैगाम दिया और एक साथ मिलकर होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया और नफरत का बीज बोने वालो पर करार तमाचा लगाने का काम किया। सोशल मीडिया पर सैकड़ो वीडियो ऐसे देखे गए जिसमे हिन्दुओ के साथ मुस्लिम समाज के लोगो ने होली खेली और जुमे की नमाज अदा करने जा रहे मुस्लिमो पर हिन्दू समाज के लोगो ने पुष्पवर्षा की। नानौता में भी रोबिन जैन व रालोद नेता नवेद अख्तर उर्फ बबली ने सभासद पति चौधरी हाजी अब्बास ने हिन्दू लोगो का होली जलूस व सिख समाज द्वारा निकाली जा रही नगर किर्तन का फूल मालाओ से स्वागत किया। नानौता में पुलिस प्रसासन द्वारा सतर्कता जरूर बरती गई थी। मगर उनके माथे पर किसी भी प्रकार की शिकन नही दिखी क्योंकि जनपद के साथ साथ नानौता में आपसी भाईचारे ने सब दिल जीत लिया।

# न्यूज वाणी परिवार ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह को न्यूज वाणी ब्यूरो चीफ ने अशोक स्तंभ देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था की .ष्टि थाना प्रभारी के फेरबदल किए गए जिसमें थाना कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह को थाना सिविल लाइन भेजा गया। थाना सिविल लाइन प्रभारी यशवंत सिंह को थाना कोतवाली भेजा गया। थाना कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने कोतवाली का चार्ज संभाला। इसके उपरांत होली के त्यौहार को लेकर थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया एवं कोतवाली क्षेत्र में लगी हुई ड्यूटियों के प्वाइंटों को चेक भी किया गया जिससे होली के त्यौहार में किसी भी महिलाओं एवं युवतियों को किसी भी तरह का कोई भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# भारत विकास परिषद् का निर्वाचन व होली मिलन कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा के तत्वावधान में सत्र 2025–2026 का निर्वाचन और होली मिलन समारोह कार्यक्रम आगामी 17 मार्च सोमवार को शक्ति धाम समारोह स्थल प्रकाश नगर महेरा चुंगी में आयोजित किया जायेगा। भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा के सचिव राजीव लोचन दीक्षित ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम सत्र 2025–2026 के लिए शाखा के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष का निर्वाचन 17 मार्च सोमवार को सायं काल 5 बजे से 6 बजे तक प्रान्तीय पर्यवेक्षक मधुर श्रीवास्तव प्रान्तीय संगठन सचिव और निर्वाचन अधिकारी बीके सिंह की देखरेख में सम्पन्न होगा। सभी 140 शाखा सदस्य उक्त समय पर उपस्थित रहकर परिषद् के लिए सक्रिय और समर्पित दायित्वधारियों का चयन में सहयोग प्रदान करे। एसएन चौधरी और कुलदीप अवस्थी के कुशल संयोजकत्व में 17 मार्च सोमवार को सायं काल 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक फूलों की होली और फाग गायन का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें परिषद् के सदस्यों के अतिरिक्त संभ्रान्त नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। 17 मार्च सोमवार की रात्रि 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यक्रम के उपरान्त सभी अतिथियों के साथ शाखा सदस्यों को भोजन ग्रहण कराया जाएगा।

# पुरविया टोला में जली ऐतिहासिक होली

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुरविया टोला की ऐतिहासिक होली शयद ही और कहीं इतनी बड़ी होली और इतनी भीड एकत्र नही होती हो। होली जलने के समय सैकड़ो महिलाएं मौके पर खाश तौर पर नयी बहू तथा छोटे–छोटे बच्चों को होली को तापने तथा सैकड़ों पुरुष गन्ने में चना, जौ तथा गुलरिया बांध कर होली में भक्त प्रहलाद होने की मान्यता होने के कारण होली के सात चक्कर लगाने के बाद होली को जलाते हैं। साथ में गन्ने को भूनते है। भुने हुए गन्ने को खाने और अभिभावक बच्चों को भक्त प्रह्लालाद की कहानी सुनाने की परम्परा को सैकड़ों बर्षा से निभाते चले आ रहे है। उक्त जानकारी प्रमुख समाजसेवी डा० हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल (एस) ने दी। यह भी बताया कि सैकड़ें बर्षो से आज तक का इतिहास है। होली जलाने के समय कभी लड़ाई तो छोड़ों कहासुनी भी नही हुयी। पुरविया टोला के रहने वाले आपस खाड़ी बोली बोलते हैं। पुरविया टोला के लोग आपस में बात करते है तो बहारी लोगों को यह भाषा अच्छी लगती है।

# 59 वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल ने मनाया होली का पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। 59 वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल एसएसबी नानपारा के परिसर में 13 मार्च फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन, 14 मार्च को होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनीं के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला तथा परिवार के अन्य सदस्यगण, सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं संदीक्षा परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जवानों एवं अधिकारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने अपने संबोधन में कार्मिकों को एकता, सौहार्द्र एवं आपसी सहयोग का संदेश दिया। उन्होंने सभी जवानों से अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने एवं देश की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया। सीमा पर तैनात कर्मिकों ने होली के अवसर पर पुलिस, वन विभाग एवं एपीएफ नेपाल के साथ मिलकर मनाया समारोह के अंत में कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को होली की शुभकामनाए दी। होली के अवसर पर विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने पारंपरिक मिठाइयों में गुजिया एवं व्यंजनों का आनंद लिया। इस आयोजन ने न केवल जवानों के मनोबल को ऊँचा किया, बल्कि उन्हें अपने परिवार से दूर रहते हुए भी एक पारिवारिक वातावरण का अनुभव कराया।

# बकीअ व जन्नतुल मअल्ला के पुनर्निर्माण के लिए करें काम : मौलाना महबूब




न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। उम्मुल मोमिनीन हजरत खदीजा सलामुल्लाह अलेहा की दुखद वफात पर कुरआन के मुफस्सिर अल्लामा सैयद महबूब मेंहदी आबिदी की सदारत में जूम के जरिए एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें भारत, ईरान, कुवैत और अमेरिका के प्रसिद्ध उलेमा ने हजरत खदीजा सलामुल्लाह अलेहा के जीवन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की शुरुआत बकीअ ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक मौलाना सैयद महबूब मेंहदी आबिदी के भाषण से हुई उन्होंने हजरत खदीजा (स.ल.) की महानता को दर्शाते हुए कहा कि कुरआन में सौ से अधिक आयतें उनकी शान में आई हैं, जो यह साबित करता है कि अल्लाह की नजर में उनकी कितनी उच्च मर्यादा है। उन्होंने सऊदी सरकार को संबोधित करते हुए कहा कि हजरत खदीजा (स.ल.) उम्मुल मोमिनीन हैं और यह अत्यंत अफसोसजनक है कि उनकी कब्र आज भी खंडहर बनी हुई है। शहर कुम से मौलाना सैयद मुजफर मदनी ने कुरआन के आधार पर अल्लाह के प्रिय बंदों की कब्रों के सम्मान को सिद्ध किया और कहा कि बकीअ और जन्नतुल–मअला के पुनर्निर्माण के लिए सभी मुसलमानों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कब्रों का निर्माण इस्लाम में वर्जित होता, तो पैगंबर–ए–इस्लाम (स) इसे रोकते, लेकिन उनका मौन रहना यह दर्शाता है कि यह एक वैधा कार्य है। जौनपुर, यूपी से मौलाना सैयद सफदर हुसैन जैदी, संस्थापक एवं प्रबंधक जामिआ इमाम जाफर सादिक (अ.स.), ने हजरत खदीजा (स.ल.) के गुणों को उजागर करते हुए कहा कि बकीअ में मौजूद अहलुल बैत (अ) की कब्रों को अहलुल बैत से शत्रुता के कारण गिराया गया। उन्होंने कहा कि कुछ शायर यह मानते हैं कि जब इमाम (अ.स.) का जुहूर होगा, तब वे इन गिराए गए रौजों का पुनर्निर्माण करेंगे। लेकिन हमें यह सोचना चाहिए कि क्या यह निर्माण इमाम (अ) के आने से पहले नहीं किया जाना चाहिए? ताकि जब वे प्रकट हों, तो हम अपने बनाए हुए रौजे में उनका स्वागत कर सकें। रांची, झारखंड से मौलाना सैयद तहजीबुल हसन ने अपनी प्रभावशाली तकरीर में कहा कि पैगंबर (स) ने चार महान महिलाओं में हजरत खदीजा (स) को शामिल कर उनकी महानता को दर्शाया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि 8 शव्वाल को पूरी दुनिया में यौम–ए–सियाह (काला दिवस) के रूप में मनाया जाए और एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिसका विषय हजरत खदीजा (स.ल. का व्यक्तित्व हो। अमेरिका से मौलाना सैयद नफीस हैदर तकवी ने कहा कि हजरत खदीजा (स) ने इस्लाम को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कुर्बानियों और योगदान को अल्लाह ने स्वीकार किया, यही कारण है कि सैकड़ों वर्षों बाद भी उनका जिक्र हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब पैगंबर (स.ल.) इस्लाम की तबलीग कर रहे थे तब दुश्मन उन्हें लालच देकर रोकना चाहते थे। वे इस्लाम को खत्म करने के लिए धन खर्च कर रहे थे जबकि हजरत खदीजा (स.ल.अपनी पूरी दौलत इस्लाम को बचाने में लगा रही थीं। कुवैत से मौलाना मिर्जा अस्करी हुसैन ने कहा कि यह एक धार्मिक आंदोलन है, जिसे हमारे उलेमा अपने कंधों पर उठा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अनैतिक गतिविधियों के केंद्र खुल सकते हैं, तो अहलुल बैत (अ.स.) के पवित्र और पाक रौजे, जो अल्लाह के चिन्हों में से हैं, क्यों नहीं बनाए जा सकते? अंत में, पुणे से मौलाना असलम रिजवी ने सभी उलेमा और खुतबा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पैगंबर (स.ल.) के बाद बनी उमैया ने अहलुल बैत (अ) के गुणों को छुपाने की पूरी कोशिश की। हजरत खदीजा (स) की फजीलत को भी इसी दुश्मनी के कारण छुपाया गया, क्योंकि वे हजरत अली (अ) और हजरत फातिमा (स) से निकट संबंध रखती थीं। उन्होंने आयतुल्लाहिल उज्मा जवादी आमुली के कथन को उद्धृत किया कि यदि ईसार को एक इंसानी रूप दिया जाए, तो वह हजरत खदीजा (स.स.) होंगी। इस कार्यक्रम का संचालन एडिटर–इन–चीफ और भारत में बकीअ पुनर्निर्माण आंदोलन के एक प्रमुख सदस्य मौलाना अली अब्बास वफा ने किया।

# सदर विधायक के आवास पर जमकर खेली होली

## - विधायिका ने जनपदवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पूरा देश होली का त्यौहार मना रहा है। न सिर्फ मथुरा वृंदावन बल्कि इटावा में भी होली के रंग में लोग रंगे नजर आये हैं। इस दौरान कई सियासत के दिग्गज भी अपनों के साथ होली खेलते दिख रहे हैं। होली के अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली त्योहार भक्ति का प्रतीक है प्राचीन काल से भगवान भक्त की रक्षा करते चले आए। उन्होंने आगे कहा कि इटावा जनपद में उनके दूसरे कार्यकाल में आज 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं जिसमें उन्होंने अपनी डबल इंजन की सरकार से भरथना रोड, इटावा किशनी रोड, बसरेहर बाईपास सहित तमाम सड़कों का चौड़ीकरण कार्य किया है बहु प्रतीक्षित इटावा चंबल मार्ग का चौड़ीकरण जैसे कार्यो को पूर्व की सरकारों ने जानबूझकर पार पट्टी क्षेत्र के विकास को रोकने की मंशा से नहीं होने दिया आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पार पटटी क्षेत्र की जनता की समस्या को समझा गया और सिग्नेचर पुल के निर्माण की आधारशिला रखी गई जो जनपद में व्यापारियों के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में साबित होगी इस मार्ग के चौड़ीकरण से उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में व्यापार करने वाले व्यापारियों को बहुत लाभ पहुंचेगा उन्होंने आगे कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के बाद अटल एक्सप्रेस कोटा एक्सप्रेसवे से पूरे जनपद में सड़कों का एक्सप्रेस वे का जाल बिछ रहा हैं। जिसकी इटावा की जनता के द्वारा भूरी–भूरी प्रशंसा की जा रही है। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई पूर्व सांसद विधायक प्रेमदास कठेरिया वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश राजपूत विधान सभा मीडिया प्रमुख ओम रतन कश्यप पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू चौधरी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिरला शाक्य नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर पूर्व महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता जिला मंत्री अशोक चौहान भाजपा नेता राम शरण गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक रंजन गुप्ता जितेन्द्र जैन सागर दुबे मुकेश यादव महिला नेत्री नीतू नारायण मिश्रा गिरधर दीक्षित एडवोकेट अश्वनी चौहान राजेश त्रिपाठी द्वितीय मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर डा0 राजीव त्रिपाठी इकदिल मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी विद्यार्थी परिषद से आशीष बाथम पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष मनीष बघेल व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल .ष्ण मुरारी गुप्ता बादशाह राजपूत किसान मोर्चा दिनेश भदोरिया हरिशंकर चतुर्वेदी रंजीत वर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा सुधीर वर्मा सभासद शरद बाजपेई प्रशांत दीक्षित अंशु दुबे नगर उपाध्यक्ष अखिलेश कौशिक नगर कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा जितेंद्र राजपूत अमित कुमार युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता नगर मंत्री चंदन पोरवाल अंकुल चौहान सहित तमाम भाजपा के जिला के नेता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नशे में धुत चेयरमैन पुत्र ने दरोगा की फाड़ी वर्दी, केस दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशांबी। सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे में नशे में धुत दबंगो ने पुलिस से अभद्रता करते हुए दरोगा की वर्दी फाड़ दी,दरोगा की वर्दी फाड़े जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की कार्यवाही में जुट गई है। बताया जाता है कि सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के रहने वाले विजय कुमार ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार कि शाम लगभग 4 बजे एक बाइक सवार पत्नी व बच्चों समेत अजुहा कस्बे में शाखा रोड़ पर गिर गया था। मौके पर मेरा बेटा उत्कर्ष उनकी मदद को गया। इस दौरान होली की ड्यूटी में तैनात दरोगा अनंत स्वरूप प्रजापति व एक सिपाही मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल ले जा रहे थे। वहीं मौके पर अजुहा नगर पंचायत के चेयरमैन का पुत्र सत्येन्द्र कुशवाहा नशे में धुत होकर अपने साथियों संग आया और दरोगा के साथ अभद्रता करते हुए दरोगा की वर्दी फाड़ दी और धमकी देने लगा। घटना का वीडियो बना रहे उत्कर्ष का मोबाइल दबंगों ने छीनकर पटक दिया और मोबाइल साथ लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। वहीं पूरे मामले में दरोगा अनंत स्वरूप राम ने भी मामले की जानकारी थाने के इंस्पेक्टर समेत उच्चाधिकारियों को दी है। पुलिस ने चेयरमैन पुत्र सतेंद्र कुशवाहा, मोनी कुशवाहा व एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# जेल में कैदियों ने जमकर खेली होली, किया डांस

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। होली के त्यौहार जमकर जेल बंद कैदियों ने रंग बिरंगे रंग रंगे गये जेल मे जमकर डांस किया वही कैदियों के साथ जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह भदौरिया ने कैदियों के साथ होली खेली। जिला जेल मे होली का रंग देखने को मिला है। वही जेल मे बंद कैदियों को जेल प्रशासन ने सभी इंतजाम किए गये

# बुनकरों के बिजली बिल में छूट को खत्म करने का सांसद ने उठाया मुद्दा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद के घोसी सांसद राजीव राय इन दिनों लोकसभा सत्र में प्रतिभा करने हेतु दिल्ली में मौजूद हैं। आज सदन में प्रश्न कल के दौरान घोसी सांसद ने विगत दर्शन 10 वर्षों के भाजपा के शासनकाल में बुनकरों को समाजवादी पार्टी के सरकार में दी जाने वाली बिजली के बिल में छूट को खत्म करने का मुद्दा उठाया।

घोसी सांसद ने बुनकरों का पक्ष रखते हुए बुनकरों को सरकार द्वारा किसी भी तरह की रियायत न मिलने की बात कही। राजीव राय ने कहा केंद्र सरकार द्वारा हर घर जल योजना के तहत अभी तक घोसी लोकसभा में सिर्फ 40 गांव को लाभ मिला है, एक बहुत बड़ा हिस्सा अभी तक इस योजना के लाभ से वंचित है। घोसी सांसद ने सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया जिस तरह इस योजना का क्रियान्वयन हो रहा है, इसके पूरा होने में डेढ़ सौ साल लग जाएंगे। खुशी सांसद राजीव राय ने घोसी चीनी मिल की उपेक्षा और उसके साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर भी प्रश्न किया। बोसी सांसद ने सदन में सरकार से मांग किया की सरकार की लगभग 25 एकड़ की जमीन जो खाली पड़े हैं उसमें कैंसर हॉस्पिटल, हायर एजुकेशन सेंटर खोला जाए। रेल मंत्री को गिरते हुए राजीव राय ने कहा कि उनके द्वारा जब भी घोसीवासियों के लिए किसी भी तरह के रेल सुविधा की मांग की जाती है तो रेल मंत्री द्वारा उन सुविधाओं को मुहैया कराने की जगह असमर्थता जताते हुए हाथ खड़ा कर दिया जाता है। घोसी सांसद राजीव राय ने घोसी चीनी मिल को सुचारू रूप से चलाने, बंद पड़े स्वदेशी कॉटन मिल को पुन स्थापित करने समेत कई मुद्दों को सदन में उठाया।

# बेटे के लापता होने से परिवारीजन परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बेटे के लापता होने पर परिवारजन गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों में काफी तालाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बहराइच जिले के हरदी थाना क्षेत्र के देवरायपुर प्रधानपुरवा निवासी रामगोपाल ने तहरीर में बताया कि 13 मार्च को रात्रि दस बजे हमारा 11 वर्षीय बेटा मोनू जो कुछ लड़कों के साथ होली पाटने गया था फिर दोबारा वहां से वापस नहीं आया। जब इसकी जानकारी परिवार को हुई तो अफरातफरी मच गई। गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों में जानकारी किया तो वहां भी कोई जानकारी नहीं हुई। हरदी थाने पर बच्चें के न मिलने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। लापता मोनू की वजह से परिवारजन समेत गांव में होली की पर्व भी फीकी रह गई।

# सांसद के आवास पर मनाई मान्यवर कांशीराम की जयंती

## - श्रद्धासुमन किए अर्पित, होली मिलन का भी हुआ आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लोकसभा के सांसद जितेंद्र दोहरे के निवास स्थान पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ और शनिवार को मान्यवर कांशीराम की जयंती पर उपस्थित जनों ने बहुजन नायक काशीराम को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। सभी ने मान्यवर काशीराम के वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी का उल्लेख करते हुए संविधान व लोकतंत्र को सुरक्षित करने के संकल्प के साथ सांप्रदायिकतावादी शक्तियों को परास्त करने की योजना के साथ देशवासियों को होली मिलन की शुभकामनाएं अर्पित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शेखर यादव, मसूद तैमूरी, इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, मोहम्मद खालिद अंसारी, मुन्ना बाबू, कौमी तहफुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, इमरान खान, विमलेश चौधरी ठेकेदार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद जितेंद्र दोहरे, जिला महासचिव वीरू भदोरिया, उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, विमलेश चौधरी, लईक खान, संगीता राजपूत, ब्लॉक प्रमुख धीरेंद्र दोहरे, दीपेंद्र दोहरे, अनुराग दोहरे, आदित्य गोविंद, डा शिव प्रताप राजपूत, अमित कठेरिया, बृजेंद्र यादव, उपदेश मिश्रा, फरहान शकील, रजत जैन, बेटू जैन, चंदू यादव, अंकुर यादव, अमित आगवान, अखिलेश प्रधान, राजकुमार गौतम, अनुरुध सिंह, कुलदीप जाटव, रोहित जाटव, ब्रजेंद्र मास्साब, अन्नु पाल, रामजी तिवारी, कुणाल सिंह, अभिषेक वर्मा, चिराग यादव, कन्हैया, दीपू आदि पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

# कुत्तों का आतंक : दुर्घटना में पत्रकार का भांजा घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। जिले के विभिन्न क्षेत्रो में आवारा कुत्ते आतंक का पर्याय बने हुए हैं कहीं बच्चों को नोचने की घटना कहीं किसी पर हमला आम बात हो गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार की रात नानपारा से बहराइच जा रहे टीवी चैनल के पत्रकार सलीम सिद्दीकी के भांजे रिजवान 22 वर्ष जब तहसील नानपारा से थोड़ा आगे जयसवाल ढाबा के पास जैसे ही पहुंचे वहां कुत्तों के एक झुंड ने उन्हें घेर लिया और इसी बीच उनका संतुलन बिगढ़ गया और डिवाइडर से जा टकराये जिससे उनके हाथ और सर में काफी चोट लग गई सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा लाया गया। इसी बीच नईम रायनी, मुन्ना मारिया, मोहम्मद सलीम, हलीम सहित कई पत्रकार पहुंच गए प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल उन्हें रेफर किया गया जहां उपचार कराया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार सलीम सिद्दीकी का कहना है कि रिजवान को काफी छोटे आई हैं उपचार जारी है। दूसरी और नानपारा जिला बनाओ समिति के मनोज तिवारी, सुरेश शाह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र के आवारा कुत्तों को पकड़वाकर वन भेजा जाए जिससे आए दिन हो रही समस्या का समाधान हो सके।

# सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई राधा-कृष्ण की फूलों की होली



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा मे होली के महापावन पर्व के शुभ अवसर पर गुरु किचन में निकट सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय साकेत नगर में राधा .ष्ण के साथ फूलों की होली भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसबी 42 वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत एवं विशिष्ट अतिथि आदर्श थाना रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह रहे। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने कहा इस प्रकार की होली पहली बार हमने जीवन में देखा है हम इसकी जितनी प्रशंसा करें बहुत कम है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि संघ प्रचारक सर्वेश द्वारा राधा .ष्ण की फूलों की होली खेली गई है बहुत ही प्रशंसनीय है। हम चाहते हैं ऐसा कार्यक्रम हर वर्ष होता रहे। बताते चलें कि राधा .ष्ण के साथ फूलों की होली के मुख्य आयोजक संघ प्रचारक लोकप्रिय सर्वेश के दिशा निर्देशन में राजेंद्र कुमार सिंह राजू भैया के कुशल नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से मनाई गई यह कार्यक्रम होली मिलन महोत्सव टीम संयोजक शेर सिंह का कसौधन सहसंयोजक कन्हैया वर्मा व्यवस्था प्रमुख केसरी प्रसाद सोनी गज्जू भैया अजीत शुक्ला सुरेश वर्मा उमाशंकर विश्वकर्मा राजकुमार शर्मा सरवन विश्वकर्मा रमेश मिश्रा दिलीप कुमार सोनी पूर्व प्रमुख तेज प्रसाद वर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ताओ का सहयोग रहा।

# सस्पेंस खत्म : आज मिलेगा भाजपा को नया जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा पर सस्पेंस खत्म हो चुका है। होली के बाद जनपद के नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। यूपी में भाजपा के जिलाध्यक्षों की घोषणा अब 16 मार्च को सभी जिलों में एक साथ जिला स्तर पर होगी। पार्टी के प्रदेश चुनाव अधिकारी महेंद्रनाथ पांडेय की मौजूदगी में बुधवार शाम भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने बताया कि 16 मार्च रविवार को दोपहर 2 बजे भाजपा जनपद कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिला प्रभारी, जिला चुनाव अधिकारी, वर्तमान व निवर्तमान जिलाध्यक्ष बैठक में शामिल होंगे। बैठक में सांसद, विधायक, प्रदेश, क्षेत्र व जिला पदाधिकारी, मोर्चाओ के अध्यक्ष, नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष व जिला चुनाव प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। बैठक में पूर्व राज्यमंत्री व जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी द्वारा नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। नए जिलाध्यक्ष का नाम जिला चुनाव अधिकारी को मंच पर ही प्रदेश संगठन द्वारा घोषणा बैठक के दौरान व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त होगा।

## ऑटो रिक्शा चालकों ने विधायक से की स्टैंड बनवाने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

मिहींपुरवा, बहराइच। आदर्श ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक से नगर पंचायत में रिक्शा स्टैंड बनवाने की मांग की है। इस संबंध में रिक्शा चालकों ने विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। आदर्श ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति के ब्लॉक अध्यक्ष महेश मिश्रा के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे रिक्शा चालको ने बताया कि मिहींपुरवा बाजार में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है, जिसका प्रमुख कारण रिक्शा स्टैंड की अनुपलब्धता है। यदि नगर पंचायत में एक उचित रिक्शा स्टैंड की व्यवस्था की जाए, तो यातायात सुचारु हो सकेगा और बाजार में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। रिक्शा चालकों ने बताया कि उन्हें सड़कों के किनारे ही अपने वाहन खड़े करने पड़ते हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि आम नागरिकों को भी असुविधा होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए समिति ने विधायक से ठोस कदम उठाने की अपील की है। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने कहा कि षरिक्शा चालकों की मांग बिल्कुल जायज है। मिहींपुरवा बाजार में जाम की समस्या को दूर करने के लिए एक उचित रिक्शा स्टैंड की आवश्यकता है। हमने चालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना है और इसे माननीय विधायक जी तक पहुंचाएंगे। जल्द ही इस संबंध में नगर पंचायत व संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि रिक्शा चालकों और आम जनता को कोई असुविधा न हो। रिक्शा चालकों की इस मांग को लेकर नगर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भी समर्थन जताया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मांग पर कब तक कार्यवाही करता है।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई कांशीराम जी की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कार्यालय में समाजसुधारक कांशीराम पूर्व सांसद की जयन्ती मनाई गई। श्री काशीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुये का. शहर अध्यक्ष अफशाना शाह ने उन्हें नमन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के का. अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एड ने कहा कि पूर्व सांसद काशीराम सादगी मिसाल बन कर समाज को दिशा दी है। आज उन्हें याद कर हम सब को संबल मिलता है। महामंत्री सत्य प्रकाश द्विवेदी एड ने कहा कि काशीराम जी को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए। डा केपी सेन ने कहा कि काशीराम जी अनेकों बार बांदा आये है। उन्हें बांदा वासियों बहुत लगाव था। राज बहादुर गुप्ता, अशोक वर्धान कर्ण, धीरेंद्र पाण्डेय, अशरफ उल्ला रम्पा शब्बीर सौदागर, आदि उपस्थित रहे। अंत मे सभी ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## समाचार पत्र विक्रेता संघ ने मनाया होली मिलन



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। होली के पावन पर्व हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा बड़े धूमधाम से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया सभी वितरक साथी एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि होली एक ऐसा त्यौहार है कि सभी धर्म को एक समूह में जोड़ता है और अलग–अलग विचारों को भी एक समूह में जोड़ता है इसीलिए हमेशा होली के समय एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी जाती है आगे उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से वितरक साथी को एकजुट करना कि आप जब एकजुट रहेंगे तो आपकी शक्ति एकजुट दिखेगी। इस मौके में उपस्थित संरक्षक राजकुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता सुरेश चंद्र गुप्ता जिला उपाध्यक्ष कमलेश पाल इमरान खान सखावत खान शेखर अंकित प्रजापति महेश प्रजापति सुनील शिवहरे संतोष गुप्ता अंकुश प्रजापति गोपी ओमर मलखान कबीर कमल अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रशासन को मरकजी कमेटी ने दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। हिंदू मुस्लिम एकता की नगरी बाँदा में रंगोत्सव के बीच शांतिपूर्ण ढंग से जुमा की नमाज अदा हुई। नमाजियों और होलियारो के बीच शांतिदूत बनकर दोनों समुदायों के बीच अमनों–अमान के साथ सौहार्द कायम रखने में खाकी कामयाब रही, साथ ही आफियत व कामयाबी के साथ त्यौहार संपन्न होने पर मरकजी कमेटी जश्ने ईद मिलादुन्नबी ने खुशी जताई है। मरकजी कमेटी के सदर, शहर काजी मेराज मसूदी उर्फ अकील मियां और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आफ इंडिया के मेंबर हाजी आरिफ खान ने प्रशासन का शुक्रिया अदा किया मुबारकबाद पेश की।

## 31 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 31 अभियुक्तों को गिरतार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया गया।

# मरौली बालू खदान खंड संख्या 01 में अवैध खनन का बज रहा डंका

### - नदी की जलधारा के बीच तांडव मचा रहीं प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनें

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मटौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मरौली में संचालित बालू खदान में खनिज नियमावली के विपरीत जमकर अवैध खनन हो रहा है। खनन माफिया नदी की बीच जलधारा में खोदकर हैवीवेट पोकलैंड मशीनों से बालू निकालकर प्रशासन को चुनौती दे रहा है। खदान संचालक वैध की आड़ में अवैध खनन व परिवहन कर करोड़ो रुपए के राजस्व की लूट कर रहा है बालू माफिया भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से नदी का सीना छलनी कर बिना रॉयल्टी (एनआर) ओवरलोड ट्रक निकाल कर सरकार के राजस्व को चूना लगा रहा है इस खदान में रसूखदार एक नेता की गुंडई के सामने जिले के अधिकारियों का मनोबल टूट चुका है जिस कारण मरौली खंड संख्या 01 में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नेता अपनी पार्टी की सरकार में तो रसूख रखता ही था पर भाजपा सरकार में भी इस नेता के बोल अनमोल है। खनन माफिया का मैनेजमेंट पावर लगातार अपना काम कर रही है जिसके कारण सारा का सारा सिस्टम लाचार और बेबस होकर तमाशबीन बना हुआ है। मरौली खंड संख्या 01 का खनन माफिया बेबस अधिकारियों पर धौंस जमाकर लगातार नदी की जलधारा से बालू निकाल रहा है जिससे जलीय जीव जंतुओं की मृत्यु हो रही है । मरौली खंड संख्या 01 के पीजेड कैमरे महज छलावा है। मरौली खंड संख्या 01 में रात दिन ओवरलोड एन आर ट्रक की धमा–चौकड़ी जारी है बावजूद इसके खंड में किसी तरह की कोई छापामारी नहीं की जा रही है अगर मरौली खंड संख्या 01 में अधिकारी छापामारी करेंगे तो खदान की सारी काली करतूतों में से पर्दा उठ जाएगा और भारी मात्रा सरकार के राजस्व का इजाफा हो सकता है बालू खदान मरौली खंड संख्या 01 में अवैध खननध्परिवहन जोरों पर है लेकिन अधिकारियों की गाड़ी की चाल बहुत ही सिलो है तभी इतने दिनों से अभी तक मरौली के खंड संख्या 01 में नदी की अस्मत लूटने वाले बालू खनन माफिया के द्वार नहीं पहुंच पाई है। आखिर खनन माफिया को किसका संरक्षण प्राप्त है जिससे जिला प्रशासन कांप रहा है।

# डीएम ने वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति की ली बैठक

### - कार्ययोजना में तेजी लाने के दिए निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2025 में होने वाले वृक्षारोपण के लक्ष्य को लेकर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयनित स्थलों की सूचना शीघ्र जिला वनाधिकारी को उपलब्ध कराएं और वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार करें। जिलाधिकारी ने नदियों के किनारे वृक्षारोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। खंड विकास और राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र की नदियों के किनारे स्थित गांवों में वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट देने को कहा। सघन वृक्षारोपण के अंतर्गत इंटर कॉलेजों और प्राथमिक विद्यालयों की खाली भूमि पर भी पौधरोपण कराया जाएगा। बैठक में प्लास्टिक और थर्माकोल के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने पर भी जोर दिया गया। नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आरआरसी सेंटर के सुचारू संचालन और कूड़े के उचित निस्तारण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। बायो मेडिकल वेस्ट के नियमित निस्तारण के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में इसकी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ठोस एवं प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन के लिए नगर पालिका और नगर पंचायत अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को जनपद के प्रमुख नालों के जल प्रदूषण की जांच और बायोरैमिडिएशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सड़क और नदी किनारे कूड़े के डंपिंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, नदियों के किनारे जैविक एवं प्रा.तिक खेती को बढ़ावा देने और स्वच्छता अभियान चलाने के लिए किसानों को जागरूक करने पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला वनाधिकारी अरविंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में भाई ने बहन की धारदार हथियार से की हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसपुरा, बांदा। चंद बीघा खेत के लिए सगे भाई ने बहन के साथ में खून की होली खेली।एक ओर जहां देश व विदेश में होली के अवसर पर रंगों का खेल खेला जा रहा है। वहीं जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहा कलां चौकी अंतर्गत सेमरा डेरा में शुक्रवार की सुबह मात्र चार बीघा सोलह बिस्वा खेत के लिए भाई ने अपनी बहन की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दिया। गंभीर रूप से घायल बहन ने हल्ला मचाया तो हाथ में तमंचा और वही धारदार हथियार लिए भागते हुए दुबारा आकर काम समाप्त करने की बात कहते हुए निकल गया। धारदार हथियार से 50 वर्षीय महिला की हत्या से क्षेत्र से सनसनी फैला गई। खबर की जानकारी पाकर मौके पर इलाकाई पुलिस सहित कई आला अफसर पहुंचे। घटना की जानकारी देते मृतका के भतीजे अंगद ने बताया कि उसकी चाची सुशीला तथा मामा संतोष निषाद के बीच जमीन का विवाद चल रहा था उसकी वजह से यह घटना हुई है। पैलानी थाना प्रभारी सुखराम ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिमरा डेरा की सुशीला पत्नी रज्जू प्रसाद निषाद उम्र 50 को उसके सगे इकलौते भाई संतोष निषाद बाबूलाल उम्र 53 साल निवासी दरदा मजरा बड़ा डेरा थाना कोतवाली नगर ने सुबह घर की सफाई कर रही मृतका के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया जब तक परिजन उसको जसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए तब तक उसकी मौत हो गई।पुलिस ने आवश्यक सभी कारवाही करके शव का पंचायतनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के दो बेटे तथा दो बेटी हैं जिसमें से दोनों बेटियों की शादी हो चुकी हैं।मृतका का पति रज्जू तथा एक बेटा नागपुर में रहकर मजदूरी करते हैं तथा एक बेटा सूरत में मजदूरी करता है। माँ के द्वारा खरीदी गई चार बीघा सोलह बिस्वा जमीन बनी हत्या की वजह दरदा गांव के मजरा बड़ा डेरा के बाबूलाल निषाद के पास लगभग 10 बीघा जमीन थी जिससे उसने तीन बेटी एवं एक बेटा की परिवरिस कर अपनी पत्नी ईमरती के नाम काफी पैसा भी जमा कर लिया था। उसी पैसे से ईमरती ने अपनी मझली बेटी सुशीला के नाम चार बीघा सोलह बीघा जमीन पांच साल पहले खरीद लिया था।वही खरीदी गई जमीन बनी भाई बहन के बीच दुश्मनी की वजह।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से होली के जुलूस निकाले गए। हुलियारों ने एक दूसरे पर जमकर रंग और गुलाल लगाया। डीजे पर होली के गीत बजाकर जमकर थिरके। इस दौरान गंगा जमुना तहजीब भी देखने को मिली मेम्बर कलवा कुरैशी ने होली जुलूस पर फूलों की वर्षा कर स्वागत कर मिसाल पेश की। इसके अलावा होली समिति के अध्यक्ष सहित थानाध्यक्ष सुमित राठी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं मेम्बर कलवा कुरैशी द्वारा जुलूस में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। शुक्रवार को सुबह से ही होली की मस्ती शुरू हो गई। हुलियारों ने एक–दूसरे पर रंग गुलाल लगाया। डीजे पर होली के गीतों पर जमकर डांस किया। दोपहर बाद बैंडबाजे और ढोल के साथ नगर में होली का जुलूस निकाला गया। जुलुस नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल से प्रारंभ होकर किला, गौहर अली खां, होली चौक, मेन बाजार, सब्जी मंडी, बस स्टैंड तथा कोतवाली से होते हुए वापस होली चौक पर पहुंचकर संपन्न हुआ। होली जुलूस जैसे ही मोहल्ला बेगम सराय स्थित मेम्बर कलवा कुरैशी के आवास के समीप पहुंची तो मेम्बर कलवा कुरैशी ने अपनी टीम के साथ फूलों की वर्षा कर स्वागत किया हिंदू भाइयों को होली की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात जुलुस में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। उन्होंने कहा कि हवाओं में नफरत का कितना भी जहर घुल जाए, लेकिन समाज में नफरत का जहर घुलने नही देंगे। अफजलगढ़ क्षेत्र की गंगा जमुना तहजीब कायम है और रहेगी उनके साथ पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी,समाजसेवी शेख मोहम्मद जैद,समाजसेवी कासिफ अंसारी,पत्रकार शुऐब कुरैशी,पत्रकार अजमल हसन, पत्रकार हाजी अब्दुल बारी सहित तमाम मुस्लिम समाज के लोगों ने हिंदू भाईयों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। वही मेम्बर कलवा कुरैशी,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट समाजसेवी कासिफ अंसारी,शेख मोहम्मद जैद,पत्रकार शुऐब कुरैशी, पत्रकार अजमल हसन,पत्रकार अब्दुल बारी द्वारा होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी व पीटूं जोशी सहित थानाध्यक्ष सुमित राठी व कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा की .ष्टि से थानाध्यक्ष सुमित राठी,कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, कांस्टेबल राहुल चौधरी, कांस्टेबल अभिषेक ढाका, कांस्टेबल विशाल मलिक, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल कलीम अहमद सहित अन्य पुलिस बल तैनात रहा। होली जुलूस में इस अवसर पर होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी व पीटूं जोशी,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा,जीएम राहुल शर्मा, पत्रकार प्रेस परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार धस्माना,संदीप महेश्वरी, पत्रकार सुनील कुमार, नितिन कौशिक,पत्रकार विनय भार्गव,समाजसेवी अतुल अग्रवाल,गौरव गुप्ता,भीम सिंह रावत,उमेश अग्रवाल,विमल अग्रवाल,नीरज कर्णवाल,शरद गुप्ता,संजय जोशी,निर्मल चिलवाल,रोबिन अग्रवाल,रंजीत पंवार,गगन रस्तोगी, मुकेश कांबोज, सभासद पति सनी गुप्ता,संजय माली अरविंद कुमार माली,सौरभ तोमर,गगन रस्तोगी, नितिन विश्नोई तथा मयंक लोहिया आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने मीडिया कर्मियों के साथ मिलकर मनाई होली

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली। होली के रंगों के साथ सौहार्द और भाईचारे का संदेश देने के लिए गुरुवार को थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला स्वामी अवधेशानंद चौकी इंचार्ज संजय यादव द्वारा हिमालय फैमिली ढाबा ग्राम भागूवाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों के साथ चौकी इंचार्ज संजय यादव और पुलिस कर्मियों ने मिलकर होली का जश्न मनाया। चौकी इंचार्ज ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में चौकी इंचार्ज संजय यादव ने कहा समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज की समस्याओं को उजागर कर उनके समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुलिस और मीडिया का संबंध समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए बेहद अहम है। चौकी इंचार्ज द्वारा इस्लाम धर्म के मानने वालों के लिए इतार का भी इंतजाम करवाया गया था। जैसे ही रोजा इतार का समय हुआ चौकी इंचार्ज और पुलिस कर्मियों ने मुस्लिम मीडिया कर्मियों के साथ रोजा इतार भी किया और मुस्लिम मीडिया कर्मियों को रमजानुल मुबारक के पवित्र महीने की मुबारकबाद दी। इस दौरान चौकी इंचार्ज संजय यादव ने कहा रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना होता है, जिसमें इबादत, रोजा और नेकियां का खास महत्व होता है। इस महीने में रोजेदार सुबह से लेकर शाम तक संयम और धैर्य के साथ उपवास रखते हैं, और अपने रब की रहमतों को प्राप्त करने की दुआ करते हैं। उन्होंने कहा रमजान सिर्फ उपवास रखने का महीना नहीं है बल्कि यह आत्म शुद्धि, सब्र और दूसरों की मदद करने का भी संदेश देता है। इस दौरान भाईचारे का संदेश देते हुए सभी पुलिसकर्मियों और मुस्लिम मीडिया कर्मियों ने रंग–बिरंगे फूलों के साथ होली मिलन का जश्न मनाया और बाकी लोगों के साथ गुलाल और अन्य रंगों के साथ होली मिलन समारोह का जश्न मनाया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक संजय कुमार यादव, उप निरीक्षक राहुल तेवतिया, हेड कांस्टेबल दीपक, हेड कांस्टेबल नीरज, हेड कांस्टेबल योगेश, हेड कांस्टेबल चंकिल, कांस्टेबल मोनू, कांस्टेबल दीपक, मीडिया कर्मी महावीर सिंह राजपूत, गजेंद्र चौधरी, पीएस राठी, देवेंद्र शर्मा, मुकेश राजपूत, राजेंद्र कुमार, मोबीन हसन, मोहम्मद अरशद, रईस अहमद, मुस्तकीम अहमद, समाजसेवी मोहम्मद शाहनवाज, जहांगीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

## दंपति के आपसी विवाद में युवक ने लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नैनिहा निवासी युवक ने पत्नी से कहासुनी के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। मौत की सूचना पाकर शव देखने पहुंचे पड़ोसी बुजुर्ग की भी सदमे से मौत हो गई। वहीं पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो मौत से गांव में कोहराम मच गया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौनिहा निवासी पैकरमा (46) पुत्र सियाराम का पारिवारिक मामलों को लेकर पत्नी से विवाद हुआ। विवाद से परेशान युवक ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी गांव के लोगों को हुई। जिस पर पड़ोसी दुजई प्रसाद (76) पैकरमा को देखने के लिए उसके के घर पहुंचे। शनिवार सुबह मृतक के घर पर ही दुजई को दिल का दौड़ा पड़ा। जिसके बाद बुजुर्ग को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज जालिम नगर .ष्ण कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर जान दी है। बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हुई है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं गांव में दो मौत से कोहराम मच गया है।

## रील बनाने का जुनून बना मौत कारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मोतीपुर थाना क्षेत्र में अलग अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक युवक बाइक पर खड़े होकर डांस करते हुए रील बना रहा था। नीचे गिरते ही उसकी मौत हो गई। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंचनपुर पैरुआ निवासी महतव (20) पुत्र चेतराम पड़ोसी मित्र पंकज निषाद के साथ बाइक से शुक्रवार को होली खेलने के बाद मिहीपुरवा की तरफ जा रहा था। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर चेहल्लुम ढाबा के पास बाइक पर बैठे महतव ने मोबाइल पर गाना लगाया। इसके बाद वह बाइक पर ही डांस करने लगा। जबकि साथी उसका वीडियो बना रहा था। तभी युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। साथी ने डायल 112 को फोन किया। डायल 112 की टीम ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। यहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उधर गिरगिट्टी गांव निवासी बाइक सवार गुड्डू पुत्र ब्रिजा अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में सीएचसी मोतीपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर युवक की मौत हो गई। चौकी इंचार्ज के .ष्ण कुमार ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि महतव बाइक पर डांस करते हुए नीचे गिरा, जिससे उसकी मौत हुई है।

## घर के बाहर बंधी चार बकरियों को चोरों ने किया पार

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के चल बख्तियारा में बीती रात चोरों ने घर की बाहर बंधी बकरियों को पार कर दिया। पशुपालक ने सुबह देखा तो खोजबीन के बाद पुलिस को लिखित सूचना दी। सैनी कोतवाली के चक बख्तियारा निवासी राम नरेश पुत्र स्व राधे लाल ने शनिवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी एक बकरी व पड़ोस के रहने वाले जुग्गन पुत्र नत्थू की तीन बकरी पार कर दिया सुबह अपनी जगह बंधी बकरी को नदारत देख खोजबीन शुरू कर दिया लेकिन बकरी नहीं मिली जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## डीएम-एसपी ने पुलिस लाइन में मनाई होली

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने परंपरागत तरीके से होली का त्योहार मनाया। होली के अगले दिन शनिवार को पुलिस कर्मियों ने एक–दूसरे पर रंग डालकर और गुलाल लगाकर खुशियां मनाईं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी इस अवसर पर शिरकत की उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिस लाइन में संगीत की धुन पर पुलिसकर्मी जमकर थिरके। इस दौरान वर्दी में फर्क भुलाकर सभी ने बराबरी से होली का आनंद लिया। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी थानों में भी पुलिसकर्मियों ने होली का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया।

## शांतिपूर्ण ढंग से रंगो का त्योहार होली सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। रंगों का पर्व होली छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त कर रखा था। सभी चौक–चौराहों पर तैनात अधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी व बलों की तैनाती की गई थी। यहीं नही नियमित गश्ती दल चहुंओर भ्रमण करते देखा गया। कुछ सादे लिवास में भी पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखे थे। गड़बड़ी की सूचना मिलते ही पुलिस पल भर में ही दल बल के साथ पहुंचते देखा गया। होली के एक दिन पहले होलिका–दहन को लेकर भी पुलिस ज्यादा सक्रिय थी। हर मजिस्द व इदगाहों के निकट भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। पुलिस की व्यवस्था ऐसी थी कि परिदा भी पर न मार सका। इधर होली को लेकर शुक्रवार की सुबह से ही बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं जश्न में डूबे रहे। हर कोई एक दूसरे को रंग–गुलाल लगा मुबारक बाद दे रहे थे। वहीं छोटे बच्चे अपने मित्रों के साथ पिचकारी भर कर खूब रंगों का मजा लिया। कुल मिलाकर क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

## सांठगांठ से राजकीय नलकूप को नाले में लगवाने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

अतर्रा, बांदा। तहसील अतर्रा के गा्म पंचायत पौहार के मजरा देवखेर के किसान बासुदेव, दिनेश, हरीशंकर, भूरेलाल, रमाशंकर, रमजान, बुदिया, गेदवा आदि ने जिलाधिकारी सहित शासन के उच्चाधिकारियों को दिये शिकायती पत्र में बताया कि किसानों की सिंचाई समस्या को देखते हुए शासन ने देवखेर के लिए एक राजकीय नलकूप का आवंटन किया है जिसको सिंचाई विभाग से सांठगांठ करके एक किसान ने अपने निजी हित को ध्यान में रखते हुए बनईगौतमपुर के पास नाले मे लगवा रहा है जिसका सर्वे भी हो चुका है, किसान बाबूलाल पुत्र भउवा का लडका धीरेन्द्र कुमार सिंचाई विभाग में जेई है जो दूसरे जनपद में तैनात हैं उक्त जेई ने बांदा सिंचाई विभाग से सांठगांठ कर के अपने निजी हित के लिये अपने दो बीघे खेत के लिये नाले में लगवा रहा है जिसका पानी नाले में बहता रहेगा, दूसरे किसानो के खेतो मे उंचाई की वजह से पानी नही जायेगा जिससे कई दर्जन किसान सिंचाई से बंचित रह जायेंगे किसानो की मांग है कि उक्त राजकीय नलकूप नहर किनारे मैदानी इलाके मे कौवा बगीचा से देवखेर बगीचा तक मे कही भी लगवाया जाना चाहिये जिससे हजारो बीघा जमीन की सिंचाई हो सके।

# यमुना आरती में खेली गई गुलाल के साथ फूलों की होली



न्यूज वाणी ब्यूरो

कमासिन, बांदा। कमासिन में होलिका दहन के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वाध ान में दांदो घाट पर यमुना आरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हिंदू समाज के साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिसने समाज में हिंदू–मुस्लिम एकता को निरूपित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रवीण पाण्डेय केंद्रीय अध्यक्ष बुंदेलखंड राष्ट्र समितिध्प्रांत प्रमुख गंगा समग्र सहायक नदी आयाम, खागा फतेहपुर एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप मिश्रा भाजपा वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष, कमासिन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आयोजन कमासिन ब्लॉक संयोजक गंगा समग्र कानपुर प्रांत, गौ रक्षा प्रकोष्ठ शत्रुघ्न सिंह एवं तहसील अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ प्रभंजन गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं ने यमुना आरती बड़े ही हर्षोल्लाश एवं श्रद्धाभाव के साथ संपन्न की, साथ ही सभी का मुंह मीठा कराया गया। आरती के पश्चात सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर एवं रंग गुलाल लगाकर तथा गुलाब के फूलों को एक दूसरे पर डालकर होली खेली और होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने भी यमुना आरती की साथ ही गले मिलकर आपसी भाईचारे और सौहार्द को निरूपित किया तथा होली पर्व की बधाईयां दी। सभी ने यमुना आरती संपन्न कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सभी श्रद्धालुओं ने नदियों को स्वच्छ एवं संरक्षित बनाने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर सुबराती खान ने अपने संबोध ान में कहा कि हम सबको मिलकर एक दूसरे की खुशी में शामिल होना चाहिए एवं किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए, उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसे भाईचारे एवं सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाएं एवं किसी प्रकार का कोई भेदभाव न करें। इस दौरान कार्यक्रम में अरुण कुमार मिश्रा (जिला मंत्री, गौ रक्षा प्रकोष्ठ), राम.पाल पत्रकार, दांदो घाट चौकी प्रभारी दुर्विजय सिंह, प्रदीप मिश्रा मंडल अध्यक्ष कमासिन, दिनेश कुमार निषाद मंडल अध्यक्ष मर्का, प्रधान विपिन बिहारी उपाध्याय, प्रधान राघौपुर कैलाशनाथ यादव, बीरा से सुबराती खान,राम सुजान सिंह , ठाकुर विमल सिंह, उदयबीर सिंह,सूरज सिंह, भरत सिंह, रामबली ठाकुर सहित तमाम श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# नगीना में धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार

## - जुलूस की शोभा बढ़ा रही थी आकर्षक झांकिया



न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। रंगों का महापर्व पूरी मस्ती के साथ धूमधाम से मनाया गया। परंपरा अनुसार शहर में लगभग 105 स्थानों पर होलिका दहन किया गया और होलिका दहन की रात को परंपरागत भगवान नरसिंह देवता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाल निकेतन द्वारा निकाली जाने वाली भगवान नरसिंह की शोभा यात्रा मोहल्ला चौधराना स्थित देवता मंदिर से प्रारंभ हुई और शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई रेलवे स्टेशन चौक पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा का नेतृत्व विमल कुमार जैन, मनोज गुप्ता, रॉबिन गौतम, शिवम गुप्ता आदि ने किया। होली के रंग की दुल्हैडीं पर सुबह को निकलने वाला पहला सुखे गुलाल का रंग पूरी भव्यता से निकाला गया। शुक्रवार को कड़ी पुलिस व्यवस्था के चलते होली की दुल्हैडीं की सुबह को निकलने वाला सुखे गुलाल के रंग का पहला जुलूस गुलाल समिति के प्रमोद चौहान,प्रभात चंद गुप्ता, लाला विनोद अग्रवाल, संजय वर्मा, प्रदीप गर्ग, सचिन शर्मा, मुकेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, मोहित गर्ग आदि के नेतृत्व में निकाला गया। होली के रंग की दुल्हैडीं पर सुबह को निकलने वाला पहला सुखें गुलाल का रंग निकला शांति पूर्वक। शुक्रवार को कड़ी पुलिस व्यवस्था के चलते होली की दुल्हैडीं की सुबह को निकलने वाला सुखें गुलाल के रंग का पहला जुलूस गुलाल समिति के प्रमोद चौहान,प्रभात चंद गुप्ता, लाला विनोद अग्रवाल, संजय वर्मा, प्रदीप गर्ग, सचिन शर्मा, मुकेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, मोहित गर्ग आदि के नेतृत्व में सुबह 7–30 बजे मोहल्ला चौधराना देवता मन्दिर से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजार से होता हुआ पूर्वाह्न 11–30 बजे शांति पूर्वक नगीना रेलवे स्टेशन परिसर पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में एक ऊंट जिस पर दो लोग सवार थे, एक घोड़ा,डी जे की थाप पर हुरियारे गुलाल उड़ाकर मौज मस्ती कर रहे थे।अबीर गुलाल के सूखे रंग के जलूस के बाद गीले रंग का जुलूस निकाला गया।गीले रंग का जुलूस भी दोपहर 12 बजे देवता मंदिर से पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ और शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ रेलवे स्टेशन चौक पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। गीले रंग के जलूस में एक बुग्गी पर गीले रंग से भरे दो बड़े ड्रम रखे हुए थे और हुरियारे सबको रंगों में सराबोर कर रहे थे। जुलूस की सुरक्षा व शांति व्यवस्था के लिहाज से एसडीएम आशुतोष जायसवाल,सीओ भरत सोनकर, तहसीलदार प्रभा सिंह ,थाना प्रभारी तेज पाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार नायब तहसीलदार अजब सिंह,व तहसील के लेखपाल, कानून गौ, संग्रह अमीन एवं भारी पुलिस बल जुलूस में मौजूद रहा।

# नशे व केमिकल कलर से सावधानी बरतने हेतु विद्यार्थियो को किया जागरूक




न्यूज वाणी ब्यूरो

हरियाणा, हिसार (गरिमा)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला में होली का पर्व मनाया गया। इसमें नेचुरल रंगो एवं प्राकृतिक कंकड़ों से शानदार रंगोली बनाई गई जिसमें होली की शुभकामनाओं को दर्शाया गया जो कि एक समाज के लिए उदाहरण था। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला के अनेकों विद्यार्थियों ने इसके साथ अपनी फोटो करवाई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला में कार्यरत इंस्ट्रक्टर सज्जन कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आजकल त्यौहार युवा पीढ़ी गलत तरीकों से मनाती है चाहे केमिकल वाले पक्के रंगों का इस्तेमाल करके जिसके कारण त्वचा को काफी हानि होती है और बहुत ज्यादा हानिकारक और त्योहारों में लोग नशे का इस्तेमाल करना जरूरी समझते है जो कि बिल्कुल गलत है। हम सभी को त्यौहार बिना नशे एवं बिना गंदे केमिकल के पदार्थों का इस्तेमाल किए ही मनाने चाहिए। त्यौहार भाईचारा प्रेम का प्रतीक है। यह त्यौहार ऐसा है जिसने शत्रु को भी गले लगाकर सभी गिले शिकवे दूर करने है । इसलिए सभी विद्यार्थियों को खुद तो प्रेरित होना ही चाहिए और अपने परिवारजनों एवं आस पास में निवास कर रहे लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला के प्रिंसिपल प्रवीण डाब्ला, वाइस प्रिंसिपल नीरज लीखा, इंस्ट्रक्टर सज्जन कुमार एवं मोनिका, कोमल, निशा, प्रिया, गरिमा, जागृति, पुष्पा, मनीशा, काजल, नेहा, रितु, शीनु, मानसी, मधु आदि विधार्थी मौजूद रहे।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने अबीर गुलाल तथा तरह–तरह के रंगों से होली पर खूब मस्ती की। तो वहीं बच्चों ने भी पिचकारियों के साथ खूब धमाल मचाया। इस बार होली त्यौहार पर जगह–जगह, चौराहा चौराहों पर ड्रम में रंग भर कर लोगों ने होली खेली तो वही इस त्यौहार पर उस कहावत को भी पीछे छोड़ दिया गया जिसमें लोग यह कहते थे कि अब त्योहारों में मिठास नहीं रह गई है। महिलाओं ने घरों रंगो के साथ जहा अबीर–गुलाल उड़ाया वही सेल्फी का आनन्द लिया। इस बार जहां लोगों ने तरह–तरह के पकवान अपने घरों में बनवाकर होली त्यौहार मनाया तो वही गरीब बस्तियों में जाकर तमाम सामर्थ्यवान लोगों ने गरीबों के घर में भी होली पर्व धूमधाम से मनवाया तमाम लोगों ने गरीब बस्तियों में पिचकारी रंग अबीर गुलाल था पकवान को वितरित किया तो वही होली त्योहार पर जिला प्रशासन भी मुस्तैद दिखा और चौराहों चौराहों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। वही जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने भी जनपद वासियों को होली पर्व पर आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने की अपील किया इस तरह से फतेहपुर में इस बार होली का त्यौहार शांतिपूर्वक निपट गया। वही सांसद नरेश उत्तम पटेल ढोल बजाते फाग टीम में शामिल होते सोशल मीडिया में एक वीडियो के माध्यम से देखे गए इस दौरान बड़ी संख्या में उनके साथ लोग फाग की टीम में मौजूद रहे। वही खागा विधायक .ष्णा पासवान के आवास में जमकर होली खेली गई, अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिया। सदर चंद्र प्रकाश लोधी, अयाह शाह विकास गुप्ता, हुसैनगंज उषा मौर्य, जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, बिंदकी जयकुमार सिंह जैकी के यहां होली के पर्व पर लोगों ने जाकर उन्हें बधाई दिया तो ग्रामीण अंचलों की अगर बात करें तो फाग की टोलिया होली जलने के बाद घर–घर जाकर खूब फाग गाया और लोगों ने ठंडाई का भी आनंद लिया।

# सगी बहन की चाकू व बांका से वार कर हत्या करने वाला गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना पैलानी पुलिस द्वारा सगी बहन की चाकू व बांका से मारकर हत्या करने वाले भाई को गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि 14 मार्च को थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम खप्टिहाकला में सुशीला पत्नी रज्जू की उसके सगे भाई संतोष निषाद पुत्र बाबूलाल निषाद द्वारा चाकू व बांका से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पैलानी में अभियोग पंजी.त किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए आज अभियुक्त को थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम अलोना से गिरतार कर लिया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बांका व घटना के समय अभियुक्त के पहने हुए रक्त रंजित कपड़े बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसकी मां ने 04 बीघा जमीन सुशीला के नाम रजिस्ट्री कर दी थी जिसे वह वापस करने के लिए कहता तो सुशीला मना कर देती थी तथा जमीन किसी और को बेचने की धमकी देती थी। अभियुक्त कई दिनों से अपनी बहन सुशीला को जान से मारने की योजना बना रहा था लेकिन मौका नहीं मिला क्योकि मृतका सुशीला परिवार सहित नागपुर में रहती थी। जब अभियुक्त संतोष निषाद को जानकारी हुई कि मृतका होली पर अपने घर खप्टिहाकला में आयी है तो वह होली पर मिलने के बहाने गया और अपनी बहन को घर में अकेला पाकर उसने धारदार चाकू व बांका से मारकर उसकी हत्या कर दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ओंकारेश्वर मंदिर मोहल्ला गन्नी टोला में किया गया इस कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी मुख्य अतिथि थे उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा लोगों को नवयुग का संदेश देते हुए कहा कि गांव और नगर के लोगों को नई दिशा और नई रोशनी यदि कोई दे सकता है तो वह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम है इसी बीच सेवक सेविकाओं ने नवयुग का गीत गया। राष्ट्रीय सेवा योजना नवयुग का संदेश है जागे गांव और जागे नगर हैं जागा सारा देश है। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए तथा इस कार्यक्रम में सहायक अध्यापक रमेश चंद्र मिश्रा विनीत जायसवाल .ष्ण चंद्र द्विवेदी अरविंद कुमार वर्मा उपस्थित रहे। सेवक सेविकाओं में अनुष्का जायसवाल तनुष्का जायसवाल कामिनी सोनम सारिका ने नवयुग संदेश गीत गाया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावक सेवक सेविकाओं का सराहनीय योगदान रहा। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के नेतृत्व में थरियांव क्षेत्राधिकारी पी के पांडेय के निर्देशन में थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज ने थाना हथगाम पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांर्तगत हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया। उनके कब्जे से आला कत्ल एक अदद कुल्हाड़ी,दो अदद मोबाईल,बैग मय कपड़े व 480 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी थरियांव के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हथगाम पर अभियोग मु0अ0ससं 052/2025 धारा 103 (1) बीएनएस बनाम अज्ञात की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त शिवबरन सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी इरादतपुर धामी बड़ी संझियां थाना हथगाम एवं लालसिंह पुत्र स्व रामसुचित निवासी बलराम दास का पुरवा थाना खागा को गिरतार किया गया तथा उसके निशान देही पर आला कत्ल एक अदद कुल्हाड़ी आदि बरामद किया गया।गिरतार अभियुक्तों को न्यायालय भेजते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। 11 मार्च को ग्राम इरादतपुर धामी में हुई रामबरन सिंह पुत्र स्व.रामस्वरूप सिंह ग्राम इरादतपुर धामी थाना हथगाम उम्र करीब 50 हत्या की घटना के क्रम में जानकारी से यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक रामबरन अविवाहित था तथा वह अपने गांव में ही पड़ोसी के घर पर खाना खाता था जिसका मृतक का छोटा भाई शिवबरन सिंह उपरोक्त विरोध करता था जिसके कारण दोनों भाईयों में आपस में काफी रंजिश थी एवं इसी कारण छोटा भाई शिव बरन उपरोक्त दो वर्षों से गांव भी नहीं आया था तथा पत्नी और बच्चे भी मायके में रहते थे।शिवबरन सिंह यादव उपरोक्त को शक हो गया कि कहीं बड़ा भाई रामबरन अपनी शेष जमीन जायदात पडोसी के नाम रजिस्ट्री न कर दे।इसी बात को लेकर मृतक के भाई शिवबरन सिंह यादव द्वारा अपने रिस्तेदार साथी लाल सिंह उपरोक्त के साथ मिलकर मृतक रामबरन के ट्यूबेल पर सोने जाते समय ट्यूबेल का ताला खोलते समय पीछे से कुल्हाड़ी से सर पर वार कर निर्मम हत्या कर लाश को घसीट कर ट्यूबेल के बगल में ले जाकर छिपा दिया था। पुलिस उपाधीक्षक व थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज के नेतृत्व में सीनियर सब इंस्पेक्टर विद्या प्रकाश सिंह, सब इंस्पेक्टर रवीन्द्र कुमार, का.रंजीत पटेल, दीपक सिंह, महिला कांस्टेबल श्वेता सिंह सहित पुलिस के जवानो को मिली बड़ी कामयाबी ।

# कानून व शांति व्यवस्था के .ष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। होली एवं रमजान के द्वितीय शुक्रवार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा लोक व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहे तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। डीएम व एसपी ने सुरक्षा बल के साथ घण्टाघर चौराहा, पीपल तिराहा से गुदड़ी, ट्रांसफार्मर चौराहा, काजीपुरा, बशीरगंज चौराहा, राम लीला मैदान, चांदपुरा चौराहा, छावनी चौराहा, अस्पताल चौराहा इत्यादि क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।


# गोली मारकर युवक की हत्या, परिजनों का हंगामा -आरोपियों की गिरतारी की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

औंग, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के बड़ाहार गाँव मे गोली लगने से घायल की मौत के बाद आज शुक्रवार शाम को मृतक का शव गाँव आया तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोपियों की गिरतारी की मांग की,पुलिस शव के अंतिम संस्कार की बात कह रही है। हाइवे से बडाहार जाने वाले मार्ग मे भारी भीड़ एकत्रित हो गई।चार थानो का फोर्स मौके पर पहुँचा गया बताते चलें कि औंग थाना क्षेत्र के बड़ाहार गाँव के सर्वेश कश्यप जो सब्जी विक्रेता है को बुद्धवार देर रात 10 बजे बड़े भाई गोविंद के साथ घर जाते समय गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत मे हैलेट अस्पताल कानपुर में भर्ती कराया गया था। गुरुवार दोपहर 2 बजे के बाद इलाज के दौरान सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर एक नामजद आरोपी व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार शाम कानपुर से पोस्टमार्टम के बाद शव गाँव पहुँचा तो परिजन हंगामा करने लगे। जाम लगाने की नियत से हाइवे जा रहे लोगो को पुलिस ने बड़ाहार मार्ग पर रोका है। पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। परिजन आरोपियों की गिरतारी की मांग पर अड़े है। बड़ती भीड़ को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल चार थानो की फोर्स औंग, कल्यानपुर, बकेवर, मलवा की पुलिस पहुची है। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी बिंदकी प्रभाकर त्रिपाठी व पुलिस क्षेत्राधिकारी वीर सिंह मौके पर पहुँचे है। बताते चले की सब्जी विक्रेता सर्वेश की हत्या प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर की गई है ऐसी चर्चा है जिसके चलते गाँव मे पहले से ही पुलिस तैनात थी। परिजन अंतिम संस्कार नही करने को तैयार हैं, मृतक के करीब 5 बजे परिजन माने और अंतिम संस्कार किया।

# चन्दक चौकी में मनाई गई धूमधाम से होली



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। होली के शुभ अवसर पर जितेंद्र सिंह उपाध्याय संगठन अध्यक्ष चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ,हर साल की तरह संगठन अध्यक्ष जितेंद्र सिंह उपाध्याय चौकी में हर साल की तरह इस साल भी होली की बधाई देने चन्दक चौकी में पहुंचे और चमकीले रंगो गुलाल लगाकर खुशियों और अनंद आनंद से भरी होली की शुभकामनाएं दी। यह होली आपके जीवन में सफलता समृद्धि और प्रेम के रंग लेकर आए आइए रंगों के त्यौहार को सकारात्मकता और हंसी के साथ मनाएं होली की शुभकामनाएं और उन्होंने कहा रंग बिरंगो रंगों का त्यौहार चलो मिलकर इस खुशी को मानते हैं तुम्हारे घर आकर बहुत अच्छा लगा होली की हार्दिक शुभकामनाएं आज का दिन बहुत खास है चलो मिलकर खूब मस्ती करते हैं होली के रंग तुम्हारी जिंदगी में खुशियों के रंग भर दे बुरा ना मानो होली है रंगों के इस त्यौहार में हमारी दोस्ती और भी मजबूत हो मुझे उम्मीद है कि हम अगले साल भी साथ में ही होली मनाएंगे होली की खुशियां तुम्हारे जीवन में हमेशा बनी रहे हर वर्ष रंगो का त्यौहार होली सभी के लिए खुशियां और एकता लेकर आती है बसंत में मनाया जाने वाला यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है लोग एक दूसरे पर रंग–बिरंगे रंग फेंकते है। उत्सवी संगीत पर नाचते हैं और स्वादिष्ट मिठाइयों का आनंद लेते हैं दरअसल यह रंग प्यार ऊर्जा और साहस को दर्शाता है इसी तरह होली पर नीला रंग स्थिरता शांति का प्रतीक है वही हरा रंग नई शुरुआत की तरफ इशारा करता है। हैप्पी होली होलिका दहन के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# सदर विधायक के आवास पर हुआ होली मिलन समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी के आवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर फूलों की होली खेला। इस दौरान अबीर गुलाल लगाकर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने एक दूसरे को होली की बधाई दिया और कहा होली आपकी भाईचारे का त्यौहार है। इसे हिल मिलकर मनाना चाहिए। इस त्यौहार पर भेदभाव को भूलकर गले मिल जाना चाहिए। इस दौरान तमाम सदर विधानसभा के लोग विधायक चंद्र प्रकाश लोधी के गले मिलकर उनसे फूलों की होली खेली और कहा कि जिस प्रकार से शिष्टाचार और ईमानदारी के साथ सदर विधायक कार्य कर रहे हैं ऐसे विधायक हमको आगे भी चाहिए। वही इस अवसर पर तमाम लोगों ने यह भी कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से सदर विधायक चंद्रप्रकाश लोधी भारी बहुमत से विजई होंगे और 2027 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो चंद्र प्रकाश लोधी मंत्री बनेंगे। इस अवसर पर महेश प्रधान, आनंद तिवारी, रामेश्वर, धर्मेंद्र पासवान, सूरज, सनी लोधी, ओंकार, छोटेलाल, राजेंद्र सिंह यादव, राजेंद्र लोधी, समीर, फरहत अली, राम लोधी, राहुल लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

# बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलाना व लहुरी सरायं गांव के बीच शुक्रवार को दिन में करीब 4 बजे अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। जिसके चलते बाइक सवार सुमित कुमार उम्र 24 वर्ष निवासी कस्बा व थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर की मौत हो गई। जबकि उसी बाइक में सवार अंकित उम्र 35 वर्ष पुत्र नन्हेंलाल निवासी परास थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर घायल हो गया। वहीं गंभीर घायल अंकित को प्राथमिक उपचार बाद हालात अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि दुर्घटना में बाइक सवार सुमित तथा अंकित दोनों घायल हुए जिनका इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद ले जाया गया जहां पर सुमित को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर घायल अंकित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए कानपुर भेजा गया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्मे वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्मे वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद | हाजी खलीक अहमद जाफरी | एफ.ए.जाफरी
जी.टी. रोड, फतेहपुर | सम्पादक कारवाने हक | D.R. (Opt.)
MBBS. (H) P.M.P | 9415065213 | 7379440876




# साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन की न्याय यात्रा में उतरे किसान व व्यापारी

## - पत्रकारों के हत्यारों को फांसी दो नारों के साथ निकला कैंडल मार्च

न्यूज वाणी ब्यूरो

प्रेमनगर, फतेहपुर। सीतापुर में हुए पत्रकार हत्याकांड एवं खागा के पत्रकार की मौत का अब तक खुलासा न होने एवं सरकार की ओर से अब तक पीड़ित परिजनों को कोई भी सुविधा न दिए जाने के विरोध में गुरुवार की देर शाम खागा तहसील क्षेत्र के थाना सुल्तानपुर घोष अंतर्गत कस्बा प्रेमनगर में पत्रकार एवं कलमकारों का संगठन साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) की ओर से शहीद पत्रकारों के न्याय हेतु एक न्याय यात्रा/कैंडल मार्च निकालकर राज्यपाल के नाम संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी खागा के माध्यम से सौंपा गया। इस न्याय यात्रा एवं कैंडल मार्च में किसान



यूनियन एवं व्यापार मंडल के लोग भी हिस्सेदार बने हैं।

बताते चलें कि पत्रकारों एवं कलमकारों के शीर्ष संगठन साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) की संस्थापिका पुष्पा पाण्डेया, संरक्षक मंजू सुराना, पीयूष त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी के निर्देशन पर राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान एवं प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी की अगुवाई में गुरुवार को खागा तहसील क्षेत्र के थाना सुल्तानपुर घोष अंतर्गत कस्बा प्रेमनगर में शहीद पत्रकारों के न्याय व देश में मीडिया को संवैधानिक रूप से चौथे स्तंभ का दर्जा देने, मीडिया आयोग बनाए जाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने, कलम की हत्या बंद करने के साथ ही देश के किसान, जवान, व्यापारी, आमजन का उत्पीड़न व हत्या जैसे जघन्य अपराध से निजात दिलाने हेतु शांतिपूर्वक तरीके से न्याय यात्रा एवं कैंडल मार्च निकालकर न्याय व सुरक्षा की मांग की गई। इस न्याय यात्रा में क्षेत्र के किसान व किसान यूनियन के नेतागण साथ ही प्रेमनगर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ ही अन्य व्यापारी तथा आमजनमानस सड़क पर उतरकर वी वांट जस्टिस, कलम की हत्या बंद करो, किसानों की हत्या बंद करो, व्यापारियों की हत्या बंद करो, जनता का उत्पीड़न बंद करो, पत्रकारों के हत्यारों को फांसी दो, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करो जैसे नारों के साथ न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई गई है। इस दौरान महामहिम राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया जिसको लेने के लिए नायब तहसीलदार विजय प्रकाश त्रिपाठी कस्बा प्रेमनगर पहुंचे और ज्ञापन पहुंचाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान एक सैकड़ा की तादाद में पत्रकार, कलमकार, किसान, व्यापारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान एवं प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सीतापुर एवं खागा के शहीद पत्रकारों के प्रकरण में जल्द खुलासा करते हुए दोषियों को फांसी देने की मांग के साथ ही दोनों परिवारों को एक–एक करोड़ रुपए का मुआवजा तथा भरण–पोषण हेतु परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की गई है तथा प्रदेश में पत्रकारों–कलमकारों–किसानों–व्यापारियों सहित आम आदमी के ऊपर लगाए गए फर्जी मुकदमों को वापस लेने की भी मांग की गई है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता प्रदीप कुमार, जे.पी. सिंह चौहान, खागा तहसील अध्यक्ष अभिमन्यु मौर्य, तहसील उपाध्यक्ष महेश चौधरी, तहसील कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार विश्वकर्मा, ऐरायां ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास, ब्लॉक महासचिव मेराज अहमद, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य रेहान, पत्रकार गुलाब सिंह यादव, राजन तिवारी, एपी सिंह,व्यापारी नेता संतोष द्विवेदी, नितिन द्विवेदी, ऋषि कुमार जनसेवक, भाकियू नेता ओमप्रकाश यादव, अरुण कुमार विश्वकर्मा, संदीप चौधरी, नरसिंह यादव, मोहम्मद तारिक, अबू बकर, तंज़ील, भीम प्रकाश, साहिल, अरमान, आदित्य, मोनू, अयाज, गोलू सिंह, शिवम, ऋषभ, मनीष, आदित्य सिंह, राहुल, सचिन, अर्जुन, करन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।




























स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर)